# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 173 | गौतमबुद्धनगर, बुधवार 22 मई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236





P- 3

नोएडा में 4 दिन का रेड अलर्ट , एडवाइजरी जारी





P- 4

देश के प्रधान सांसद इस बार क्योटो से चुनाव हार रहे हैं : अखिलेश यादव





P- 5

मुझे दुख है कि मैंने एआई पर काम क्यों किया, इससे लोगों की नौकरियां जा





P- 6

रैना को टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम से बेहतर प्रदर्शन की उमीद


# छपरा में बवाल के बाद दो दिन इंटरनेट बंद

## आरजेडी-भाजपा समर्थक में फायरिंग, एक की मौत

एजेंसी



छपरा, पटना। छपरा में आरजेडी और बीजेपी समर्थकों में फायरिंग हुई, इसमें एक युवक की मौत हो गई है। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है।

सभी आरजेडी के समर्थक बताए जा रहे हैं। हत्या के बाद से इलाके में तनाव है। लोग दोषियों की गिरफ्तारी को लेकर हंगामा कर रहे हैं। एसपी गौरव मंगला ने खुद मार्चा संभाल रखा है। लोगों को समझाने की कोशिश की जा रही है। पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। तनाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने दो दिनों के लिए छपरा में इंटरनेट बंद कर दिया है। नगर थाना अध्यक्ष को सस्पेंड किया गया है।

मामले को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि चुनाव में हिंसा की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। कुछ लोग हैं जो हार के डर से ये सब कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन अपना काम कर रहा है। वहीं रोहिणी आचार्य ने कहा कि भाजपा के लोग डरे हुए हैं। लोकतंत्र की हत्या की जा रही है... भाजपा वाले गुंडों पर एफआईआर होनी चाहिए।

बता दें कि आज सुबह मुफस्सिल थाना के तेलपा भिखारी चौक के पास फायरिंग हुई। इसमें मारे गए युवक की पहचान चंदन राय के रूप में हुई है। जबकि घायलों की पहचान गुड्डु राय, मनोज राय के रूप में हुई है। घायलों का इलाज पटना के पीएमसीएच में हो रहा है।

मामले को लेकर एसपी गौरव मंगला ने बताया कि कल वोटिंग के दौरान बीजेपी और आरजेडी समर्थकों में झड़प हुई थी। आज उसी की प्रतिक्रिया में फायरिंग हुई है। सारण के डीएम अमन समीर ने मौत की बात स्वीकार की है। कई राउंड गोली चलाई गई है। कल रोहिणी आचार्य के बूथ संख्या 318-319 पर आने पर चुनाव के दौरान तनाव बढ़ा था। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच पत्थरबाजी भी हुई थी।

# अगले पांच दिन भीषण गर्मी

## लल्द मिलेगी लू के थपेड़ों से राहत



भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि कल (बुधवार) तक दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर हवा का निम्न स्तर का दवाब बनने का अनुमान है। इसने बताया कि पिछले सप्ताह के अंत से इस क्षेत्र पर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है।

विभाग ने बताया कि इसके चलते 25 मई को पश्चिम बंगाल के उत्तर-दक्षिण 24 परगना, पूर्वी मेदिनीपुर जिलों तथा ओडिशा के बालासोर जिले में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

### इन राज्यों में बारिश

बंगाल की खाड़ी में इस ब्रूइंग सिस्टम के कारण मौसम विभाग ने पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मिजोरम, त्रिपुरा और मणिपुर के कुछ हिस्सों में बारिश की भविष्यवाणी की है। 25 मई को उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्वी मेदिनीपुर, बालासोर में कुछ स्थानों पर भारी बारिश और मध्यम तीव्रता की बारिश होने की संभावना है।

मौसम अधिकारियों ने मछुआरों को 23 मई से मध्य और उससे सटे दक्षिण बंगाल की खाड़ी के आसपास के इलाकों तथा 24 मई से उत्तरी बंगाल की खाड़ी में न जाने की सलाह दी है। दक्षिण-पूर्व अरब सागर के कुछ हिस्सों, मालदीव के कुछ और हिस्सों, कोमोरिन क्षेत्र, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, अंडमान सागर के कुछ हिस्सों में अगले दो दिनों के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई है।

### लू के थपेड़े चलने के अनुमान


उत्तर-पश्चिम भारत, उत्तरी मध्य प्रदेश और गुजरात के मैदानी इलाकों में अगले पांच दिनों तक चिलचिलाती गर्मी और लू के थपेड़े जैसी स्थिति जारी रहने का अनुमान जताया गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को यह जानकारी दी। विभाग ने कहा, 21 से 25 मई तक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में शरीर झुलसाने वाली गर्मी और लू के थपेड़े चलने का अनुमान है। इसके अलावा 25 मई तक जम्मू संभाग, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश, विदर्भ और उत्तरी मध्य महाराष्ट्र में लू चलने जैसी स्थिति बने रहेगी। मध्य भारत के कई हिस्सों में अगले पांच दिनों अधिकतम तापमान लगभग दो-तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ने का अनुमान जताया गया है।

## मालीवाल मारपीट केस- पुलिस बिभव को मुंबई ले गई

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से सीएम हाउस में हुई मारपीट केस में दिल्ली पुलिस आरोपी बिभव कुमार को मंगलवार 21 मई को मुंबई ले गई। पुलिस का कहना है कि बिभव ने आईफोन फॉर्मेट करने से पहले उसका डेटा मुंबई में किसी व्यक्ति या डिवाइस को ट्रांसफर कर दिया था। उसी डेटा को हासिल करना है। पुलिस की टीम मुंबई के अंधेरी इलाके में एक 5 स्टार होटल के अंदर गई है। यहीं मामले की जांच चल रही है। वहीं, मामले की जांच अब स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम करेगी। एसआईटी को नॉर्थ दिल्ली की डीसीपी अंजिता चेप्याला लीड कर रही हैं। टीम में इंस्पेक्टर रैंक के 3 अधिकारी भी हैं। इनमें सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन का अधिकारी भी शामिल है, जहां मामला दर्ज किया गया था। एसआईटी अपनी जांच करने के बाद सीनियर्स को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। उधर, पुलिस ने 13 मई को स्वाति से मारपीट और बदसलूकी के वक्त सीएम आवास में मौजूद में स्टाफ से पूछताछ की और बयान दर्ज किए। पुलिस ने अब तक जो भी इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स जब्त किए उन्हें जांच के लिए फॉरेंसिक लेबोरेट्री भेज दिया है।

# पोर्श से इंजीनियर्स को कुचलने वाले नाबालिग का पिता गिरफ्तार

## पब का मालिक-मैनेजर भी अरेस्ट; पीड़ित का परिवार बोला- ये एक्सीडेंट नहीं, मर्डर



पुणे। पुणे एक्सीडेंट केस में पुलिस ने नाबालिग आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल को छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा जिस पब में नाबालिग ने शराब पी थी, उसके मालिक और मैनेजर को भी अरेस्ट कर लिया। तीनों को 24 मई के लिए पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। विशाल अग्रवाल शहर के नामी बिल्डर हैं। पुणे में 19 मई को एक नाबालिग ने अपनी पोर्श कार से बाइक सवार दो आईटी इंजीनियर्स युवक-युवती को टक्कर मारी थी।

दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी नाबालिग 12वीं की परीक्षा पास करने पर अपने दोस्तों के साथ पार्टी करके लौट रहा था। वह शराब के नशे में करीब 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से कार चला रहा था।

एक्सीडेंट में जान गंवाने वाले युवक अनीश अवधिया मध्य प्रदेश के उमरिया जिले के बिरसिंहपुर और युवती अश्विनी कोष्टा जबलपुर की रहने वाली थी।


एक की डेड बॉडी कल (20 मई) और दूसरे की आज (21 मई) उनके घर पहुंची। अनीश के चाचा अखिलेश अवधिया ने कहा- ये हादसा नहीं हत्या है। आरोपी को जमानत नहीं दी जानी चाहिए थी। अश्विनी कोष्टा के पिता सुरेश कोष्टा ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि लोगों को इससे सबक मिले। मेरी बेटी ने अपनी पढ़ाई पुणे में पूरी की और उसे वहीं नौकरी मिल गई थी। भाई समरप्रीत ने बताया कि अश्विनी पुणे में 6 साल से थी, जनवरी में ही उसने 24वां जन्मदिन मनाया था।

प्रचार पर बैन

ममता बनर्जी को कहा था- कितने में बिक रही हैं, आप महिला हैं भी या नहीं

# बंगाल से भाजपा प्रत्याशी पूर्व जज अभिजीत गंगोपाध्याय के कैंपेन पर रोक

एजेंसी



नई दिल्ली। इलेक्शन कमीशन ने मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व जज और तामलुक से भाजपा कैंडिडेट अभिजीत गंगोपाध्याय पर 24 घंटे के लिए प्रचार से बैन लगाया है। ईसी ने यह एक्शन गंगोपाध्याय के पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर दिए अभद्र बयान के बाद लिया है।

गंगोपाध्याय ने 15 मई को बंगाल के हल्दिया में कहा था- 'मैं सोच रहा हूं कि ममता कितने रुपए में बिक रही हैं। 10 लाख रुपए ? मुझे हैरानी होती है वे महिला हैं भी या नहीं।' ईसी ने गंगोपाध्याय की टिप्पणी को बेहद निचले स्तर का पर्सनल अटैक बताया, जिससे आचार संहिता का उल्लंघन हुआ है। ईसी का यह आदेश मंगलवार शाम 5 बजे से लागू होगा।

### ईसी बोला- इस बयान से बंगाल का अपमान हुआ

इलेक्शन कमीशन ने 17 मई को इस बयान का संज्ञान लिया था और कहा था कि यह बयान गलत, विवेकहीन और गरिमा के पार है। इलेक्शन कमीशन ने गंगोपाध्याय को इस अभद्र टिप्पणी के चलते शो-कॉज नोटिस भेजा था, जिसका सोमवार को गंगोपाध्याय ने जवाब दिया। कमीशन ने 20 मई तक गंगोपाध्याय से जवाब मांगा था।

कमीशन ने गंगोपाध्याय के जवाब को पढ़ने के बाद उनके स्टेटमेंट को दोबारा सुना और इस नतीजे पर पहुंचे कि उन्होंने ममता पर निचले स्तर का पर्सनल अटैक किया था। कमीशन ने यह भी कहा कि यह बयान दिखाता है कि देश में महिलाओं का क्या स्टेटस रह गया है। इस बयान से बंगाल का अपमान हुआ है।

### मार्च में कलकत्ता हाईकोर्ट से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हुए थे गंगोपाध्याय

कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय ने 5 मार्च को इस्तीफा दिया था। वे इसी साल अगस्त में रिटायर्ड होने वाले थे। जस्टिस पद से इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद गंगोपाध्याय ने भाजपा में शामिल होने की घोषणा कर दी थी। भाजपा ने उन्हें तामलुक से उम्मीदवार बताया है। 2009 में सुवेंदु अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस की टिकट पर इस सीट से पहली बार जीत दर्ज की थी। वह दो बार लगातार यहां से सांसद रहे। अधिकारी ने 2016 में तृणमूल छोड़कर भाजपा जॉइन की। हालांकि, इस सीट पर टीएमसी का वर्चस्व बना रहा। अभी टीएमसी के दिब्येंदु अधिकारी यहां से सांसद हैं।

# आजमगढ़ में अखिलेश की रैली में लाठियां चलीं

आजमगढ़। आजमगढ़ में अखिलेश यादव की रैली में मंगलवार को फिर समर्थक बेकाबू हो गए। बैरिकेडिंग तोड़कर मंच के करीब तक पहुंच गए। पुलिस ने लाठीचार्ज करके समर्थकों को वहां से हटाया।

इसके बाद भी समर्थक काबू में नहीं आए। समर्थकों ने कुर्सियां तोड़ दीं। जूते-चप्पल, ईंट-पत्थर भी फेंके। बाद में अखिलेश ने मंच संभाला। उन्होंने समर्थकों से शांत रहने की अपील की। अखिलेश ने कहा- आप लोग समाजवादी कार्यकर्ता हैं। आपमें जोश है। इस जोश को 25 मई तक संभाल कर रखिए। अनुशासन में रहिए, अनुशासन मत बिगाड़िए। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए है। इसके बाद समर्थक शांत हुए। फिर अखिलेश ने रैली को संबोधित किया।

सपा ने लालगंज से दरोगा प्रसाद चुनाव मैदान में उतारा है। अखिलेश उनके समर्थन में प्रचार करने सरायमीर थाना के खरेमा बाजार पहुंचे थे।

इससे पहले सोमवार को अखिलेश यादव की संतकबीरनगर की रैली में भी भगदड़ जैसे हालात बन गए थे। रैली में कुर्सियां टूटी थीं। इसके पहले रविवार को अखिलेश और राहुल की प्रयागराज की फूलपुर रैली में भी हंगामा हो गया था। नाराज अखिलेश और राहुल रैली को संबोधित किए बिना ही लौट गए।



## हैप्पी मॉर्निंग

पप्पू सड़क पर जा रहा था, तभी एक चिड़िया
उसके सिर पर बीट करके उड़ गई.
रूमाल से सिर साफ करते हुए पप्पू बोला-
भगवान का लाख-लाख शुक्र है कि उसने
गाय-भैंसों
को उड़ने के लायक नहीं बनाया...!!



## शायरी

सफेदपोश उड़ा रहे
इक दूजे का मखौल है
लगता है शहर में
चुनावी माहौल है

## अर्थसार



सेंसेक्स:
73,953.31
-52.62 (0.071%)
निफ्टी:
22,529.05
+27.05

## मौसम



अधिकतम : 43 डिग्री से0
न्यूनतम : 31 डिग्री से
सूयोदय गुरुवार : 5 : 29
सूर्यास्त बुधवार : 7 : 12

# चारधाम यात्रा में अबतक 39 तीर्थयात्रियों की मौत

**सबसे ज्यादा मौतें केदारनाथ धाम में हुई हैं जहां अब तक 18 लोगों की जान जा चुकी है**

एजेंसी



उत्तराखंड सरकार की तरफ से जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार चारधाम यात्रा में इस साल अबतक 39 यात्रियों की मौत हुई है। इन 39 मौतों में से सबसे ज्यादा मौतें केदारनाथ धाम में हुई हैं जहां अब तक 18 लोगों की जान जा चुकी है, इसके बाद यमुनोत्री धाम में 12 मौतें, बद्रीनाथ धाम में 7 मौतें और गंगोत्री धाम में दो मौतें हुई हैं। खराब स्वास्थ्य से हो रही मौतों के बाद सरकार तीर्थयात्रियों की हेल्थ स्क्रीनिंग पर फोकस कर रही है, साथ ही उसने उचित अनुकूलन अवधि के बाद ही लोगों को यात्रा का विकल्प चुनने की सलाह दी है।

सोमवार शाम तक सवा सात लाख से ज्यादा तीर्थयात्री चार धामों में पहुंच चुके हैं, जिनमें केदारनाथ के लिए 3,19,193, यमुनोत्री के लिए 1,38,537, बद्रीनाथ के लिए 1,39,656 और गंगोत्री के लिए 1,25,777 यात्री शामिल हैं। उधर चार धाम की यात्रा में आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए सरकार द्वारा हर तरह की व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

इसके लिए राज्य सरकार ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दे रखे हैं। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखने के लिए कहा गया है कि उनसे सामान की ज्यादा कीमत ना वसूली जाए। पिछले साल चार धाम यात्रा के दौरान 245 तीर्थयात्रियों की मौत हुई थी।

इनमें से सबसे ज्यादा 120 मौतें केदारनाथ धाम के रास्ते में हुई थीं। बद्रीनाथ धाम रूट पर 46, गंगोत्री धाम रूट पर 30 और यमुनोत्री धाम रूट पर 39 मौतें हुई थीं। साथ ही हेमकुंड साहिब मार्ग पर भी नौ यात्रियों की जान गई थी।




## प्रचार बनाम मौत के पैगाम

देशभर में अवैध होर्डिंग की समस्या ने लोगों की चिंताओं को बढ़ा दिया है। दरअसल, मुंबई में गत 13 मई को तेज आंधी आई। जिससे घाटकोपर में 100 फुट ऊंचा और 250 टन वजनी लोहे का होर्डिंग एक पेट्रोल पंप पर जा गिरा। इस दौरान कुछ कारें, टू-व्हीलर्स और पैदल यात्री इसकी चपेट में आ गए। हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि 74 लोग घायल हो गए। जांच में सामने आया कि ये होर्डिंग अवैध था और 15 हजार वर्ग फुट से ज्यादा क्षेत्रफल में लगा था। इस होर्डिंग का नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज हो चुका था। उल्लेखनीय है कि होर्डिंग लगाने के लिए उस एजेंसी की अनुमति जरूरी होती है जिसकी भूमि पर होर्डिंग लगाना है। मुंबई में कई तरह की जमीनें हैं, जैसे कलेक्टर लैंड, सॉल्ट पैन लैंड, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट लैंड व बीएमसी लैंड आदि। इसलिए अगर कोई किसी जमीन पर होर्डिंग लगा रहा है तो उसे संबंधित लैंड अथॉरिटी से अनुमति लेनी पड़ती है। साथ ही बीएमसी की इजाजत भी जरूरी है। सवाल है कि इतने बड़े आकार के होर्डिंग लगाने की अनुमति क्यों दी गई? अब जब इतना बड़ा हादसा हो गया है तो किन-किन पर कार्रवाई की जाएगी? भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो यह सुनिश्चित करने को क्या-क्या प्रयास किए जाएंगे? ऐसे प्रश्न आम आदमी के दिमाग में कौंधने स्वाभाविक हैं।

देश के कमोबेश सभी शहर अवैध होर्डिंग की समस्या का सामना कर रहे हैं। शहरों की शायद ही ऐसी कोई लोकेशन हो जो होर्डिंग व बैनर से अछूती हो। ये होर्डिंग, जहां ऐतिहासिक धरोहरों व इमारतों के सौंदर्य को ढक रहे हैं, वहीं लोगों की जान पर भी आफत बन रहे हैं। देश के सभी शहरों की सड़कें अवैध होर्डिंग से पटी हुई हैं। कई नगरों में ऐसे होर्डिंग हटाने की कवायद की गई, लेकिन समस्या जस की तस है।

अवैध होर्डिंग की समस्या सड़क हादसों की वजह बन रही है। सड़कों पर लगे होर्डिंग के चलते वाहन चालकों को साइड देखने में दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। लापरवाही से कई बार फुटपाथ पर होर्डिंग को रख दिया जाता है जिसके चलते पैदल चलने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में लोग सड़कों पर चलने के लिए मजबूर हो जाते हैं, इस कारण भी कई बार हादसा हो जाता है।

देश के उस बहुचर्चित हादसे को कैसे भुला सकते हैं जिसमें अवैध होर्डिंग ने एक युवती की जान ले ली थी। दरअसल, चेन्नई में एक सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करने वाली सुबाश्री अपने ऑफिस से घर की ओर जा रही थी, उसी दौरान रास्ते में एक राजनीतिक दल का अवैध रूप से लगा होर्डिंग युवती के ऊपर गिर गया था। होर्डिंग के गिरते ही पीछे की ओर तेजी से आ रहे एक टैंकर ने युवती को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई थी। यह महज एक चर्चित हादसा है, इसके अलावा भी देश में हर रोज ऐसे हादसे सुर्खियां बटोरते हैं।

ऐसे में प्रश्न खड़ा हो जाता है कि आखिर अवैध होर्डिंग के मकड़जाल से मुक्ति कैसे मिले? सच्चाई यह है कि अगर सरकारी महकमा ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभाए, तो इस विकराल रूप लेती समस्या से निपटा जा सकता है। राजनीतिक दल चुनावों में रैलियों व कार्यक्रमों के लिए जगह-जगह होर्डिंग व बैनर लगा देते हैं। उन्हें न किसी नियम की परवाह है और न किसी कानून की। इसके अतिरिक्त होर्डिंग-बैनर बनाने बनाने वाली एजेंसियों के सिर पर राजनीतिक दलों का हाथ होने से प्रशासन उनके आगे बेबस नजर आता है। इस परंपरा को खत्म किए जाने की जरूरत है, इसके बिना होर्डिंग्स के मकड़जाल को तोड़ पाना बेहद मुश्किल होगा।

आज जरूरत यह है कि यदि कोई भी एजेंसी बिना पंजीकरण के होर्डिंग लगाती है तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके अलावा सभी एजेंसियों को सख्ती के साथ हिदायत दी जानी चाहिए कि सड़कों के किनारे किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं करें। अगर कोई ऐसा करता पाया जाए तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई हो।

आज शहरों की सूरत बिगाड़ने में होर्डिंग्स बड़ी भूमिका निभा रहे हैं जिसे सुधारने के लिए शहरों में होर्डिंग लगाने के लिए महानगरों की तर्ज पर कमेटी का गठन किया जाना चाहिए।

# राजनीतिक हस्तक्षेप से त्रस्त शिक्षा संस्थान



विश्वविद्यालय शैक्षणिक सुधारों के बजाय राजनीतिक हितों के पोषण का केंद्र न बनने पाएं। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति केंद्र सरकार और राज्यों के विश्वविद्यालयों में राज्य सरकारें करती हैं। जिस राज्य में जिस पार्टी की सरकार होती है, वह अपने चहेतों को कुलपति नियुक्त करती है। हर राज्य में इस तरह के उदाहरण हैं। यदि कुलपति की नियुक्ति इस आधार पर होगी कि वह सत्तारूढ़ दल या उसके मुखिया का कितना करीबी है तो क्या उससे शैक्षणिक सुधार लाने की उम्मीद बेमानी नहीं होगी? कहने की जरूरत नहीं कि नियुक्तियां योग्यता और प्रतिभा के आधार पर होनी चाहिए, न कि राजनीतिक पसंद के आधार पर। विश्वविद्यालय मेधाओं का निर्माण करते हैं। यदि राजनीतिक विचारधारा के कारण मेधाओं की उपेक्षा होगी तो उसके घातक परिणाम होंगे।



**-प्रियंका सौरभ**

भारतीय उच्च शिक्षा, जो कभी बौद्धिक स्वतंत्रता का प्रतीक थी, राजनीतिक हस्तक्षेप के बढ़ते खतरे का सामना कर रही है। यह हस्तक्षेप अकादमिक उत्कृष्टता की नींव - स्वायत्तता और स्वतंत्रता को कमजोर करता है और अनुसंधान, शिक्षण और छात्र चर्चा पर भयावह प्रभाव डालता है। राजनीतिक हस्तक्षेप से त्रस्त शिक्षा संस्थान, विश्वविद्यालयों में नियुक्तियां योग्यता और प्रतिभा के आधार पर होनी चाहिए. केंद्र और राज्य सरकारों को इस लक्ष्य को हासिल करने का उपक्रम करना चाहिए। इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मिले और शिक्षा संस्थान राजनीति हस्तक्षेप से मुक्त हों। उन्हें राजनीति का अखाड़ा नहीं बनने दिया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय शैक्षणिक सुधारों के बजाय राजनीतिक हितों के पोषण का केंद्र न बनने पाएं।केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति केंद्र सरकार और राज्यों के विश्वविद्यालयों में राज्य सरकारें करती हैं। जिस राज्य में जिस पार्टी की सरकार होती है, वह अपने चहेतों को कुलपति नियुक्त करती है। हर राज्य में इस तरह के उदाहरण हैं।

पाठ्यचर्या संबंधी निर्णय राजनीतिक लक्ष्यों से प्रभावित हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, विशेष राष्ट्रीय आख्यानों को आगे बढ़ाने या संवेदनशील विषयों पर सेंसर वार्ता को आगे बढ़ाने की पहल की गई है। यह आलोचनात्मक सोच के साथ-साथ व्यापक शिक्षा को भी बाधित करता है। यदि संकाय और छात्र अलग-अलग राय व्यक्त करने के नकारात्मक परिणामों से डरते हैं तो वे राजनीतिक दबाव के कारण आत्म-सेंसर कर सकते हैं। यह ईमानदार चर्चा और परेशान करने वाली सच्चाइयों की खोज को रोकता है। विडंबना है कि शिक्षा के तमाम पाठ्यक्रम, जिन्हें अब कार्यक्रम कहा जा रहा है, पुराने ढर्रे के हैं। कोई भी शैक्षणिक सुधार पाठ्यक्रम को एकांगी होने के दोष से बचाकर, उच्च शिक्षा तथा शोध का मान उन्नत करके ही संभव है। शोध का मान तब उन्नत होगा, जब गंभीर शोध और सतत अध्ययन का रचनात्मक परिवेश निर्मित हो। यह परिवेश निर्मित कर ही युवा शक्ति को सकारात्मक और सृजनशील ढंग से ऊर्जस्वित किया जा सकता है, पर त्रासदी है कि उच्च शिक्षा की विषय वस्तु और प्रक्रिया प्राय- विदेशी ज्ञान को मानक मानकर की जाती रही है, जिसके परिणामस्वरूप हम अपनी परंपरा से कटकर दूर चले गए हैं।

राजनीतिक कारक अनुसंधान निधि और प्रोफेसर पदों के वितरण पर प्रभाव डाल सकते हैं। यह योग्यता को नष्ट करता है और संभावित विवादास्पद अनुसंधान को रोकता है। राजनीतिक हस्तक्षेप से विश्वविद्यालयों की स्वशासन की क्षमता कमजोर हो सकती है। इससे सर्वोत्तम उम्मीदवारों को नियुक्त करने और अपने स्वयं के शैक्षणिक लक्ष्य स्थापित करने की उनकी क्षमता सीमित हो जाती है। विश्वविद्यालयों ने कभी-कभी प्रशासनिक पदों पर राजनीतिक रूप से संबद्ध व्यक्तियों की नियुक्ति देखी है, जिससे निर्णय लेने में संभावित पूर्वाग्रह के बारे में चिंताएं बढ़ गई हैं। यदि कुलपति की नियुक्ति इस आधार पर होगी कि वह सत्तारूढ़ दल या उसके मुखिया का कितना करीबी है तो क्या उससे शैक्षणिक सुधार लाने की उम्मीद बेमानी नहीं होगी? कहने की जरूरत नहीं कि नियुक्तियां योग्यता और प्रतिभा के आधार पर होनी चाहिए, न कि राजनीतिक पसंद के आधार पर। विश्वविद्यालय मेधाओं का निर्माण करते हैं। यदि राजनीतिक विचारधारा के कारण मेधाओं की उपेक्षा होगी तो उसके घातक परिणाम होंगे।

यह विशेष रूप से सामाजिक विज्ञान और मानविकी में देखा जाता है, जहां वरिष्ठ शिक्षाविद भी उस काम को प्रकाशित करने से डरते हैं जिसके बारे में उन्हें लगता है कि इससे राज्य के अधिकारियों से उनके लिए समस्याएं पैदा हो सकती हैं। उदाहरण के लिए, प्रताप भानु मेहता और समीना दलवई जैसे बुद्धिजीवी ।सरकारी नीतियों के खिलाफ शांतिपूर्ण छात्र विरोध प्रदर्शनों को कभी-कभी भारी कार्रवाई का सामना करना पड़ता है, परिसर में मुक्त भाषण और असहमति को रोक दिया जाता है। उदाहरण के लिए, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस) और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में। कुछ मामलों में, सरकारों ने राजनीतिक रूप से असुविधाजनक समझी जाने वाली पुस्तकों या विषयों को पाठ्यक्रम से हटाने का प्रयास किया है।

प्राय: देखा जाता है कि राजनीतिक पसंद-नापसंद के आधार पर सरकारें विश्वविद्यालयों को धन आवंटित करती हैं। राज्याश्रित होने के कारण विश्वविद्यालयों को राजनीतिक दबाव का सामना करना पड़ता है। राज्यों के विश्वविद्यालय संसाधन की कमी के कारण समस्याग्रस्त रहते हैं और सरकार के मुखापेक्षी बने रहते हैं। प्राचीन काल में शिक्षा राज्याश्रित नहीं थी। इसीलिए तब गुरु की स्वतंत्र सत्ता होती थी। तब शिष्यों को नैतिक और बौद्धिक रूप से गुरु गढ़ता था और शिष्य के व्यक्तित्व के निर्माण को अपना धर्म मानता था। आज की शिक्षा न दुराग्रहों से मुक्त है, न राजनीतिक बाधाओं से। आज की शिक्षा समावेशी भी नहीं है। आज तक न तो एकसमान पाठ्यक्रम लागू हो पाया, न एकसमान शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

भारत राजनीतिक हस्तक्षेप के जोखिमों को समझकर और सक्रिय उपायों को लागू करके यह गारंटी दे सकता है कि उसकी उच्च शिक्षा प्रणाली बौद्धिक जांच और आलोचनात्मक विचार के लिए एक वास्तविक स्थान बनी रहेगी, जो एक समृद्ध लोकतंत्र और टिकाऊ भविष्य के लिए आवश्यक है। आज अभिभावक अपनी संतान को इस तरह की शिक्षा दिलाते हैं जिनसे करियर बने और यथेष्ठ धनोपार्जन हो। आदर्श स्थिति यह है कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जो विद्यार्थी को बेहतर मनुष्य बनाए। बेहतर मनुष्य ही बेहतर नागरिक होगा, जिसके लिए देश और देशहित सर्वोपरि होगा। केंद्र और राज्य सरकारों को इस लक्ष्य को हासिल करने का उपक्रम करना चाहिए। इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मिले और शिक्षा संस्थान राजनीति हस्तक्षेप से मुक्त हों। उन्हें राजनीति का अखाड़ा नहीं बनने दिया जाना चाहिए।

विश्वविद्यालय शैक्षणिक सुधारों के बजाय राजनीतिक हितों के पोषण का केंद्र न बनने पाएं। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति केंद्र सरकार और राज्यों के विश्वविद्यालयों में राज्य सरकारें करती हैं। जिस राज्य में जिस पार्टी की सरकार होती है, वह अपने चहेतों को कुलपति नियुक्त करती है। हर राज्य में इस तरह के उदाहरण हैं।

यदि कुलपति की नियुक्ति इस आधार पर होगी कि वह सत्तारूढ़ दल या उसके मुखिया का कितना करीबी है तो क्या उससे शैक्षणिक सुधार लाने की उम्मीद बेमानी नहीं होगी? कहने की जरूरत नहीं कि नियुक्तियां योग्यता और प्रतिभा के आधार पर होनी चाहिए, न कि राजनीतिक पसंद के आधार पर। विश्वविद्यालय मेधाओं का निर्माण करते हैं। यदि राजनीतिक विचारधारा के कारण मेधाओं की उपेक्षा होगी तो उसके घातक परिणाम होंगे।

# टाईम पास

## शोपियां में बीजेपी नेता की हत्या से उठे सवाल


**शोपियां में ऐजाज अहमद नाम के जिस बीजेपी नेता की हत्या कर दी गई, वह पहले वहां का सरपंच रह चुका था। इसी तरह, कई कश्मीरी सैनिकों और पुलिस कर्मियों को भी निशाना बना कर मारा जा चुका है।**

जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त होने के बाद से दावा किया जाता रहा है कि घाटी में आतंकवादी गतिविधियां कम हो गई हैं। दहशतगर्द केवल कुछ इलाकों तक सिमट गए हैं।

मगर थोड़े-थोड़े समय पर जिस तरह आतंकवादी अपनी रणनीति बदल कर कभी सामान्य नागरिकों, तो कभी सुरक्षाबलों के काफिले पर हमला करने में कामयाब हो जा रहे हैं, उसे देखते हुए सरकार के दावे पर यकीन करना मुश्किल होता है। शनिवार रात को भी दो जगहों पर आतंकी हमले हुए। शोपियां में एक स्थानीय भाजपा नेता की गोली मार कर हत्या कर दी गई। पहलगाम में राजस्थान से गए एक पर्यटक दंपति को गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। इसी महीने वायुसेना के एक काफिले पर हमला कर एक सैनिक की हत्या कर दी गई। उसमें पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। करीब महीने भर के भीतर बाहरी लोगों को निशाना बना कर और सैनिक काफिले पर घात लगा कर हमले की कई घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसे में स्वाभाविक ही पूछा जा रहा है कि आखिर घाटी में आतंकवाद को समाप्त करने के तमाम दावे खोखले क्यों साबित हो रहे हैं। इस तरह कब तक निर्दोष लोग और सैनिक दहशतगर्दों का शिकार बनते रहेंगे।


पिछले नौ-दस वर्षों से कश्मीर घाटी में निरंतर सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। दहशतगर्दों को मदद पहुंचाने वालों की पहचान कर उनके बैंक खाते बंद किए गए और उन्हें सलाखों के पीछे डाला गया है। सीमा पार से घुसपैठ करने वालों पर चौकस नजर रखी जाती है। सड़क के जरिए पाकिस्तान से होने वाली तिजारत बंद है। नोटबंदी के बाद दावा किया गया था कि इससे आतंकवादी संगठनों तक वित्तीय मदद पहुंचनी बंद हो जाएगी। विशेष राज्य का दर्जा समाप्त होने के बाद लंबे समय तक घाटी में सैन्य सक्रियता बनी रही। खुफिया एजंसियां पहले से काफी चाक-चौबंद हुई हैं। इन सबके बावजूद अगर आतंकी संगठन घाटी में न सिर्फ सक्रिय हैं, बल्कि अपनी साजिशों को अंजाम देने में कामयाब भी हो रहे हैं, तो सरकार की रणनीति और सुरक्षाबलों की तैयारियों पर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। उन तक किस तरह वित्तीय मदद और गोली-बारूद, हथियार जैसे साजो-सामान पहुंच पा रहे हैं, कैसे वे सैन्य गतिविधियों की जानकारी प्राप्त कर ले रहे हैं, इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। बीते कुछ वर्षों में चिंता पैदा करने वाले तथ्य भी उजागर होते रहे हैं कि स्थानीय युवाओं में आतंकवाद की तरफ रुझान बढ़ा है। कुछ शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी दफ्तरों में ऐसे लोगों की पहचान की गई, जो कश्मीरी युवाओं को हथियार उठाने के लिए उकसाते थे। दो वर्ष पहले खुद केंद्रीय गृहमंत्रालय ने माना था कि अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद कश्मीरी युवाओं की आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्तता बढ़ी है। दहशतगर्द ऐसे स्थानीय लोगों में बंदूक के बल पर दहशत भरने में कामयाब हो रहे हैं, जो सरकारी योजनाओं और रणनीतियों में किसी भी तरह से मदद करते हैं। शोपियां में ऐजाज अहमद नाम के जिस भाजपा नेता की हत्या कर दी गई, वह पहले वहां का सरपंच रह चुका था। इसी तरह, कई कश्मीरी सैनिकों और पुलिस कर्मियों को भी निशाना बना कर मारा जा चुका है। फिर जिस राज्य की अर्थव्यवस्था का आधार ही पर्यटन है, वहां पर्यटकों पर हमला बुरा असर ही डालेगा।

### काकुरो पहेली - 3189




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




काकुरो - 3188 का हल



### लॉफिंग जोन्स

मॉडर्न पत्नी की शराब की लत से परेशान एक पति उसे समझाने के इरादे से बोला- मान लो एक ड्रम में शराब और दूसरे में पानी भरकर रख दिया जाए और फिर किसी गधे को बुलाकर उससे पीने को कहा जाए तो वह दोनों में से क्या पिएगा?

पत्नी ने कहा- वह पानी ही पिएगा।

पति ने उलझाने की कोशिश करते हुए कहा- मगर वह पानी ही क्यों पीना चाहेगा?

□ □ □

पत्नी- तुम तो कह रहे थे कि इस ब्यूटी क्लिनिक में तुम्हें नौकरी मिल गई है। फिर तुम बाहर खड़े क्या कर रहे हो?

पति- यहाँ बाहर खड़ा रहना, भीतर जाने वाली नारियों की उपेक्षा करना, जब श्रृंगार कराकर बाहर निकले तो सीटी बजाना, यही तो मेरी नौकरी है।

□ □ □

रमन- हर छात्र के लिए आज की तारीख में इंटरनेट कई मायनों में उपयोगी और महत्वपूर्ण है!

नमन- जैसे?

रमन- ...जैसे हमें कई जानकारियाँ इंटरनेट के माध्यम से मिल जाती है।

नमन- और आजकल तो लीक होने के बाद पेपर भी ई-मेल पर आ जाते हैं।

□ □ □

### फिल्म वर्ग पहेली- 3189



**बायें से दायें:-**

१. शाहरूख, अपूर्व अग्निहोत्री, महिमा की 'किसी रोज तुम से' गीत वाली फिल्म-४
४. 'हम बेवफा हरगिज न थे' गीत वाली धर्मेन्द्र, जीनत अमान की फिल्म-४
६. विनोद मेहरा, रीना राय की 'दिल का तोहफा लाई हूँ' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मुझे दुनियावलों शरबी' गीत वाली दिलीपकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
११. अजय, सैफ, विवेक, करीना, बिपाशा की 'बीड़ी जलई' गीतवाली फिल्म-४
१३. 'आ ये हसीना रात' गीत वाली जीतेंद्र, आदित्य, एकता की फिल्म-४
१६. अक्षयकुमार, रवीना की 'क्यूं आँचल हमारा गिरा जा' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आँखों से दिल में' गीत वाली फराज खान, सुमन रंगनाथन की फिल्म-३
१८. दिलीपकुमार, सायरा की 'सारे शहर में आपसा कोई' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'रात दुल्हन बनी चाँद दूल्हा बना' गीत वाली जीतेंद्र, बिस्वजीत, माला सिन्हा, मुमताज की फिल्म-३
२३. धर्मेन्द्र, संजीव, शर्मिला की 'जिंदगी है क्या बोलो' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'दिल गम से' गीत वाली विजय, सुरैया की फिल्म जो सुरैया की अंतिम फिल्म थी-२
२६. संजयदत्त, उर्मिला की 'ओ भंवरे देखो हम दीवानों को' गीत वाली फिल्म-२
२७. आमिर, ममता कुलकर्णी की 'बाजी' में मुख्यमंत्री विश्वासराव चौधरी की भूमिका किसने की थी-२,३
२८. सनी, सुनील शेट्टी, शिल्पा की 'कोई परी आती नहीं' गीत वाली फिल्म-२
२९. फिल्म 'सात रंग के सपने' में अरविंद स्वामी के साथ नायिका कौन थी-२


**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, शाहरूख, सुनील, रानी, जूही की फिल्म-३
२. 'दुनिया में ऐसा कहाँ सबका नसीब' गीत वाली फिल्म-३
३. नसीरूद्दीनशाह, पूजा भट्ट की फिल्म-२
४. 'आते जाते हुए मैं सब पे नजर' गीत वाली फिल्म-२
५. इंद्रकुमार, आयशा जुल्का की फिल्म-३
७. आर्यन वैद, सोनाली कुलकर्णी की मकरंद देशपांडे निर्देशित फिल्म-३
८. सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-२
१०. 'जादू तेरी नजर' गीत वाली फिल्म-२
११. अतीन भल्ला, संदली सिन्हा की फिल्म-२
१२. 'लम्हा लम्हा जिंदगी है' गीत वाली फिल्म-४
१३. मोहित अहलावत, निशा की फिल्म-२
१४. 'ये वादा करो चाँद' गीत वाली फिल्म-४
१५. मनोज बाजपेयी, रेखा, करिश्मा की फिल्म-३
१६. 'हम दर्द के मारों का इतना ही' गीत वाली फिल्म-२
२०. धर्मेन्द्र, संजीवकुमार, आशा की फिल्म-३
२१. 'जागे जागे नैनों में' गीत वाली फिल्म-३
२२. आफताब शिवदासानी, अमीषा पटेल, एशा देओल की फिल्म-४
२३. 'जब जब प्यार पे पहरा हुआ' गीत वाली फिल्म-३
२४. जीतेंद्र, श्रीदेवी की फिल्म-३
२५. 'इंतहा हो गई इंतजार की' गीत वाली अमिताभ, जया प्रदा की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 3188



### सूडोकु -3189



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3188 का हल



### शब्द पहेली - 3189



**बाएँ से दाएँ**

1.बेजोड़-4
4.परिचय,निशान-4
7.कला-3
9.सज्जनता,चरित्र, आदर्श-3
10.प्रथा,रिवाज-3
11.उपस्थिति-3
12.सेन्धमार-5
15.शयनागार,बेडरूम, आरामगाह-3,2
18.तड़के,सुबह सवेरे-5
20.चुगली करना-2,3
22.मैला,गंदा-3
23.रसद,आहर पदार्थ-3
25.प्रणाम,नमस्कार-3
26.तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27.स्थायी,प्राचीन-4
28.हुकूमत,राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**

2.मुलाकात,मिलाप-3
3.खून से लथपथ-5
4.लालन-पालन-5
5.सेवक,नौकर,दास-3
6.धोखेबाज-4
8.समान,एक जैसा-4
13.पंकज,जलज-3
14.आघात,चोट-3
16.भरोसा,विश्वास-3
17.कुली,पालकी वाहक-3
18.जुर्म,गुनाह-4
19.स्वदेश वासी-5
20.शतपदी, कनखजूरा-5
21.अहमक, मूर्ख-4
24.स्नान करना-3
25.सम्मान, पगड़ी-3

शब्द पहेली - 3188 का हल



# नोएडा में 4 दिन का रेड अलर्ट , एडवाइजरी जारी

## अधिकतम तापमान 45 डिग्री तक रहेगा, अस्पताल में 30 प्रतिशत हीट एग्जॉशन के मरीज



नोएडा। दिल्ली-एनसीआर इन दिनों भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। मौसम विभाग ने 24 मई तक नोएडा में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट है। हीट वेव के साथ अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रहेगा। इसके बाद दो दिन तक तापमान में दो डिग्री तक गिरावट आएगी।

इसको देखते हुए नोएडा जिला प्रशासन ने एडवाइजरी की है। इस बीच डॉक्टरों ने सलाह दी है गर्मी के दौरान घर से बाहर निकलने से परहेज करे। 24 मई तक हवा की रफ्तार भी 5 मीटर प्रति सेकेंड होगी। बारिश के आसार नहीं है।

लगातार बढ़ रहे तापमान और गर्मी के मौसम के मद्दे नजर, हीट एग्ज़ॉस्शन (गर्मी से होने वाली थकावट) के शिकार हुए मरीजों की संख्या 20-30 प्रतिशत तक बढ़ चुकी है। डॉ अजय अग्रवाल, डायरेक्टर, फोर्टिस अस्पताल ने बताया कि हमारे पास आने वाले मरीज मांसपेशियों में क्रैम्प्स पड़ने, पेट में दर्द, कमजोरी, मितली, उल्टी और दस्त आदि की शिकायतें कर रहे हैं। ऐसे मरीज इन दिनों ओपीडी में लगातार पहुंच रहे हैं। ये सभी लक्षण हीट एग्ज़ॉस्शन के हैं।

उन्होंने बताया कि हीट एग्ज़ॉस्शन का कारण खराब शारीरिक फिटनेस, मोटापा, डिहाइड्रेशन, अत्यधिक गंभीर बीमारी, एक्टीमटाइज़ेशन का अभाव और अधिक तापमान में थकान वाली एक्सरसाइज करना है।

गर्मी की वजह से थकावट (हीट एग्ज़ॉस्शन) महसूस करने वाले मरीजों में घबराहट, अत्यधिक कमजोरी, बेहोशी, सिरदर्द, पेट में मरोड़, मितली, उलटी, दस्त, लगातार मांसपेशियों में क्रैम्प्स पड़ने की शिकायतें देखी जाती हैं।

### रोजाना 2000 मरीजों की ओपीडी

नोएडा में जिला अस्पताल में रोजाना करीब 2000 मरीज की ओपीडी हो रही है। इनमे से 50 प्रतिशत मरीज सिर्फ हीट एग्जॉस्शन के आ रहे है। यहां स्पेशल ओपीडी चलाने की बात हो रही है। ताकि मरीजों को नियमित तौर पर देखा जा सके। वहीं नोएडा के सभी निजी अस्पतालों में भी मरीजों का यही स्थिति है। इसके अलावा जिला प्रशासन की ओर से एडवाइजरी की गई है।

## ग्रेटर नोएडा में फिर अटकी लिफ्ट

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक बार फिर लिफ्ट अटकने का मामला सामने आया है। जहां पंचशील हाउसिंग सोसाइटी में अचानक से लिफ्ट अटक गई और उसमें आधे घण्टे तक एक मेड फंसी रही। बताया जा रहा है कि बिजली गुल होने की वजह से लिफ्ट अचानक से रुक गई और जनरेटर भी चालू नहीं हो पाया। लोगों ने जैसे तैसे मेड को लिफ्ट से बाहर निकाला। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में लगातार बिजली कटौती की समस्या देखने को मिल रही है। उसी के चलते सोसाइटियों में अन्य समस्याएं भी सामने आ रही हैं। पंचशील ग्रीन वन सोसाइटी के बी-3 टॉवर में लिफ्ट अटकने का मामला सामने आया। दरअसल लिफ्ट में एक मेड ऊपर के फ्लोर पर जा रही थी। जैसे ही वह 11वें फ्लोर पर पहुंची तभी अचानक से लिफ्ट में झटका लगने के बाद वो अटक गई और उसमें सवार मेड उसी में फंस गई। इस दौरान लिफ्ट में लगे हुए इमरजेंसी बटन सहित अलार्म बटन ने भी कार्य नहीं किया। मेड के शोर मचाने के बाद लोगों ने सुना और उसके बाद बाहर निकालने की कोशिश की गई। इस दौरान बताया गया कि करीब आधे घंटे तक लिफ्ट अटकी रही और उसके अंदर वह महिला फंसी रही।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसायटी में भिड़े दो पक्ष

## जमकर हुई मारपीट, गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना



गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की फ्यूजन होम सोसाइटी में मामूली विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान एओए अध्यक्ष और अन्य लोगों के साथ में कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मारपीट की यह पूरी घटना सोसाइटी के गेट पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

बिसरख थाना क्षेत्र की फ्यूजन होम सोसाइटी के रहने वाले संजीव कुमार ने पुलिस को शिकायत देते हुए बताया कि मैं संजीव कुमार शुक्ला और अशोक कुमार गुप्ता इस सोसाइटी के एओए से हैं। मंगलवार सुबह हमें सूचना मिली कि गेट पर कुछ हंगामा हो रहा है। इसे जानने के लिए हम गेट पर पहुंच गए। वहां पर कुछ लोगों के बीच वाद-विवाद हो रहा था। हमारे मौके पर पहुंचते ही कुछ लोगों ने हमारे साथ में गाली गलौज करनी शुरू कर दी और फिर जान से मारने की धमकी देने लगे। पास में पड़े हुए होर्डिंग की रॉड उठाकर वार करने की कोशिश की। उन लोगों ने बताया कि मौके पर मौजूद लोगों ने अगर उस रॉड को नहीं पकड़ा होता तो वह लोग हमला कर चुके होते।

### पुलिस सीसीटीवी फुटेज की कर रही जांच

उन्होंने शिकायत में बताया कि यह लोग आए दिन किसी ने किसी बात पर सोसाइटी में विवाद करते रहते हैं और मारपीट भी करते हैं। इस मामले में पुलिस ने उन लोगों की शिकायत के आधार पर कार्रवाई करने की बात कही है और कहा कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# शार्ट न्यूज

## नेफोवा की टीम ने एसीईओ को बताई समस्याएं

गौतम बुद्ध नगर। नेफोवा की टीम ने अध्यक्ष अभिषेक कुमार के नेतृत्व में एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान उन्हें ग्रेनो वेस्ट की समस्यायों से अवगत कराया। इस दौरान प्रतिश राय ने एसीईओ को बताया कि सेक्टर 10 और सेक्टर 12 के मध्य में अधूरे सर्विस रोड की वजह से आए दिन दुर्घटना और जाम का सामना करना पड़ता है। प्रतीश राय ने आवेदन के साथ अपनी बात एसीईओ के सामने रखी। इस पर एसीईओ ने लीज बैक का स्टेटस चेक करके स्थायी या फिर अस्थायी समाधान का आश्वासन दिया। अजनारा होम्स के दिनकर पाण्डे ने सोसाइटी के आसपास अतिक्रमण की समस्या का मुद्दा उठाया। निवासियों ने बताया की इसकी वजह से दुर्घटना, अपराध तो बढ़ा ही है, लोगों को आने जाने परेशानी होती है, महिलाएं और बच्चे सुरक्षित महसूस नहीं करते। एसीईओ ने संज्ञान लेते हुए जीएम प्लानिंग को आवेदन अग्रसारित किया। विष्णु मिश्रा ने लावारिस कुत्तों की समस्या से अवगत करवाया और इस मामले में महोदय से मदद मांगी। कुछ आक्रामक कुत्तों के बारे में सूचित करते हुए उन्हें शेल्टर होम भेजने की मांग की, साथ ही एबीसी रूल का अनुपालन करवाने की मांग की।

## श्री लंका प्रतिनिधि मंडल ने नोएडा का किया दौरा

नोएडा। प्रशासनिक कार्यप्रणाली को समझने के लिए आज श्री लंका के प्रशासनिक अधिकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल नोएडा पहुंचा। इस मौके पर जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों ने श्री लंका से आए डेलिगेशन को प्रदेश एवं जनपद के प्रशासनिक ढांचे की कार्य प्रणाली से अवगत कराया। इस मौके पर डीएम मनीष वर्मा ने बताया कि गौतम बुद्ध नगर प्रदेश का शो विंडो है। ये अपनी औद्योगिक उपलब्धियां को लेकर विश्व विख्यात है। जनपद में तीन प्राधिकरण नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण। तीन तहसील सदर, जेवर एवं दादरी है। उन्होंने बताया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर में प्रशासनिक कार्यों के लिए जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, न्यायिक, वित्त एवं राजस्व, भूआ, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के पद है। जिनके पास मजिस्ट्रेट अधिकार होते हैं। विकास विभाग में मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी की तैनाती होती है। जिलाधिकारी ने श्रीलंका के प्रशासनिक अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल को जिला प्रशासन के अधिकारियों के अधिकार एवं कर्तव्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। इस मौके पर प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं के संबंध में विस्तार से अवगत कराया।

## जेवर एयरपोर्ट पर बनेगा देश का पहला अंडरग्राउंड रेलवे स्टेशन

ग्रेटर नोएडा। दुनिया के आधुनिकतम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों में शुमार होने को आतुर जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश के पहले अंडरग्राउंड रेलवे स्टेशन का भी साक्षी बनेगा। जेवर एयरपोर्ट परिसर में ही अंडरग्राउंड स्टेशन और पलवल के रुंधी से लेकर दिल्ली हावड़ा रेल लाइन के चोला स्टेशन तक 61 किमी लंबे रेल ट्रैक बिछाने के लिए रेल मंत्रालय ने सैद्धांतिक सहमति दे दी है। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने रुंधी से चोला के बीच रेल लाइन और स्टेशन की विस्तृत कार्ययोजना (डीपीआर) भी तैयार कर ली है। डीपीआर के मुताबिक रेल लाइन शुरू होने के साथ ही 1.22 लाख रेल यात्रियों को इस रूट से सहूलियत मिलेगी। जेवर एयरपोर्ट को रेल कनेक्टिविटी देने वाला रेलवे स्टेशन हवाई अड्डे के पैसेंजर टर्मिनल के नीचे बनाया जाएगा। अब तक ऐसा रेलवे स्टेशन दुनियाभर में महज टोकियो, बर्लिन, न्यूयॉर्क और पेरिस के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बनाया गया है। यहां रेलवे स्टेशन और पैसेंजर टर्मिनल के बीच यात्री एलिवेटर, लिफ्ट या सीढ़ियों के जरिए आवागमन कर सकेंगे। यह पूरा कॉम्प्लेक्स वातानुकूलित होगा। इसी स्टेशन के पास दिल्ली-वाराणसी रैपिड रेल और दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई-अड्डे से जोड़ने वाली रैपिड और मेट्रो स्टेशन भी बनाए जाएंगे।

## शॉर्ट सर्किट से मकान के तीसरी मंजिल पर लगी आग

खोड़ा। थाना क्षेत्र के गीतांजलि विहार में रविवार रात साढ़े ग्यारह बजे मकान के तीसरी मंजिल पर बने दो कमरों में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। सूचना पर दमकलकर्मी दो गाड़ी लेकर रवाना हुए लेकिन गली के घुमावदार व संकरी होने से मौके पर गाड़ियां पहुंच नहीं पाईं। दमकलकर्मियों ने नगरपालिका परिषद के टैंकरों की मदद से करीब चार घंटे में आग पर काबू पाया। गीतांजलि विहार निवासी ईश्वर दयाल मिश्रा किराये के मकान में रहते हैं। वह निजी कंपनी से जुड़कर बाइक चलाकर परिवार का गुजारा करते हैं। घर में पत्नी और दो बेटे हैं। उन्होंने बताया कि रात साढ़े दस बजे वह खाना खाकर सो गए थे। बेटा योगेश कम्प्यूटर पर पढ़ाई कर रहा था। इस दौरान बिजली के बोर्ड में शॉर्ट सर्किट हुआ और कमरे में आग लग गई। आग की लपटें फैलने के बाद लोगों ने बाल्टी से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। इस बीच उनके छोटे भाई दीनदयाल ने पास की चौकी पर सूचना दी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि वैशाली फायर स्टेशन से दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया था लेकिन गली संकरी होने की वजह से मौके पर नहीं पहुंच पाई। इसके बाद नगरपालिका परिषद के टैंकरों को बुलाकर दमकल की गाड़ी से जोड़ा गया। इसके बाद दमकलकर्मियों ने आग बुझाने का काम किया।

## शराब पीने के दौरान विवाद, मजदूर की हत्या

मोदीनगर। गाजियाबाद के मोदीनगर थाना क्षेत्र के गांव खंजरपुर के जंगल में मंगलवार दोपहर को शराब पीने के दौरान हुए विवाद में दोस्तों ने मजदूर के चेहरे और सिर पर ईंट मारकर हत्या कर दी। हत्या करने वाले तीनों आरोपियों ने भी अत्याधिक शराब पी रखी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव खंजपुर निवासी 45 साल के महेश जाटव अपनी पत्नी पुष्पा, पुत्र सोनू, शिवम और पुत्री तनवी के साथ रहते थे। वह मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते थे। परिजनों ने बताया कि सुबह दस बजे के आसपास गांव निवासी कपिल, आशीष व सुभाष घर आए और महेश जाटव को अपने साथ बुलाकर ले गए। परिजनों ने बताया कि महेश शराब पीने का आदी थे और वह कई दिन से मजदूरी करने भी नहीं जा रहे थे। सुबह उन्हें मजदूरी करने के लिए जाना था। बताया जा रहा है कि चारों गांव से दो किलोमीटर दूर जाकर जंगल में पेड़ के नीचे बैठकर शराब पीने लगे। शराब पीने के दौरान महेश जाटव का किसी बात को लेकर तीनों से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट होने लगी। तीनों ने मिलकर महेश की जमकर पिटाई की। इसी बीच महेश ने भी हाथपाई की। इस बात से नाराज होकर तीनों ने मिलकर ईंट से महेश के चेहरे और सिर पर ताबड़तोड़ वार किए।

# नोएडा जोन में हर दसवें दिन फूंक रहा एक ट्रांसफार्मर



नोएडा। तापमान में बढ़ोतरी होते ही विद्युत निगम के ट्रांसफार्मरों में भी आग लगने की घटनाएं बढ़ गई हैं। एक माह से औसतन हर चौथे दिन ट्रांसफार्मर में आग लग रही है।

जिससे विद्युत आपूर्ति चरमराने लगी है। ट्रांसफार्मर फूंकने से उपभोक्ताओं को चार से छह घंटे तक कटौती झेलनी पड़ रही है। पिछले एक माह में करीब 8 ट्रांसफार्मर फूंक चुके हैं।

पावर कॉरपोरेशन ने तकनीकी खराबी आने या ट्रांसफार्मर फूंक जाने की स्थिति मरम्मत कार्य के लिए आधे से एक घंटे का समय निर्धारित किया है। जबकि विभागीय अधिकारियों की अनदेखी और कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से ट्रांसफार्मर को बदलने में चार से छह घंटे तक का समय लग रहा है। गर्मी शुरू होने से पहले विभागीय अधिकारी लाइन को दुरुस्त करने के साथ ट्रांसफार्मरों की क्षमता में बढ़ोतरी के दावे कर रहे थे। जो गर्मी शुरू होते ही फुस्स साबित होने लगे हैं।

### 400 ट्रांसफार्मर स्टॉक का दावा

विद्युत निगम के अधिकारियों का दावा है कि भीषण गर्मी में आपूर्ति व्यवस्था बनाए रखने के तमाम प्रयास किए जा रहे हैं।

मरम्मत कार्य के लिए तार, पोल, सीटी समेत करीब 400 ट्रांसफार्मर का स्टॉक मौजूद है। अधिकारियों के मुताबिक निगम के 25 केवीए, 63 केवीए, 100 केवीए, 250 केवीए, 400 केवीए, 630 केवीए, 1000 केवीए व 10 एमवीए तक के ट्रांसफार्मरों में बीस हजार रुपये से लेकर दस लाख रुपये तक का मरम्मत कार्य पर खर्च आता है।

# बिजनेसमैन का उसी की स्कार्पियो में अपहरण

## हाथ-पैर बांध रातभर घुमाते रहे; नोएडा में चेकिंग के दौरान पुलिस को देखकर चिल्लाया तो बदमाश भागे



गौतम बुद्ध नगर। हरियाणा के बिजनेसमैन का 4 बदमाशों ने उसी की स्कॉर्पियो में किडनैप कर लिया। हाथ-पैर बांधकर उसे रातभर घुमाते रहे। एटीएम का पिन लेने के लिए उसे खूब मारा-पीटा भी।

बदमाश मंगलवार सुबह उसे लेकर हरियाणा से नोएडा पहुंचे। एक्सप्रेस-वे पर पुलिस गाड़ियों की चेकिंग कर रही थी। बिजनेसमैन को जैसे ही पता कि आसपास पुलिस है, उसने चिल्लाना शुरू कर दिया।

पकड़ाने के डर से बदमाश घबरा गए। हड़बड़ाहट में स्कॉर्पियो डिवाइडर में ठोंक दी। पुलिस जब तक स्कॉर्पियो तक पहुंची, तब तक बदमाश गाड़ी छोड़कर भाग गए। पुलिस ने बिजनेसमैन को छुड़ाया और अस्पताल में भर्ती कराया।

### स्कूटी से स्कॉर्पियो में टक्कर मारी, फिर किडनैप किया

हरियाणा के बल्लभगढ़ की मुकेश कॉलोनी में रहने वाले राजीव मित्तल सोमवार रात को किसी काम से घर से बाहर निकले थे। इसी दौरान 2 बदमाशों ने स्कूटी से उनकी स्कॉर्पियो में टक्कर मार दी।

टक्कर लगने के बाद राजीव स्कॉर्पियो से उतरे। उनकी बदमाशों से कहासुनी हो गई। तभी पीछे से 2 और बदमाश आ गए। उन्हें मारा-पीटा। उनके हाथ-पैर बांध कर स्कॉर्पियो में डाल दिया।

बदमाश रातभर उन्हें इधर से उधर घुमाते रहे। यूपीआई और एटीएम से बदमाशों ने पैसे निकालने की कोशिश की। मगर, हर बार उन्होंने पिन गलत बता दिया।

3 बार पिन गलत बताने से कार्ड ब्लॉक हो गया। यूपीआई भी बंद हो गया। मंगलवार सुबह बदमाश बिजनेसमैन को लेकर नोएडा पहुंचे। नॉलेज पार्क थाना की पुलिस कारों को रोककर चेक कर रही थी।

### हड़बड़ाहट में स्कॉर्पियो को डिवाइडर में ठोंका

पुलिस को देख कर राजीव चिल्लाने लगे। उनकी आवाज सुनकर पुलिसवालों ने सड़क पर बैरिकेड्स लगा दिए। यह देखकर बदमाश घबरा गए। वे भागने लगे तो स्कॉर्पियो डिवाइडर में ठुक गई।

यह देख पुलिसवाले और आस-पास के लोग दौड़कर गाड़ी के पास आने लगे। यह देखकर चारों बदमाश गाड़ी छोड़कर भाग गए। पुलिस वाले स्कॉर्पियो के पास पहुंचे अंदर देखा तो एक व्यक्ति स्कॉर्पियो में बैठा दिखा जिसके हाथ-पैर बंधे थे।

पुलिस ने कारोबारी के हाथ-पैर खोलकर नीचे उतारा। बिजनेसमैन घबराया हुआ था। उसके शरीर पर जख्म के निशान थे। पुलिस ने गांव वालों से चादर मंगवाई। थोड़ी देर तक उन्हें जमीन पर लिटा दिया। फिर उन्हें अस्पताल ले गए।

### बिजनेसमैन ने कहा- रातभर पीटते रहे

राजीव ने पुलिस को बताया- मेरा पार्किंग के ठेके का बिजनेस है। सोमवार देर रात बदमाशों ने मुझे किडनैप किया। रातभर मारते रहे। उन्होंने एटीएम के पिन मांगे, लेकिन मैंने उन्हें गलतपिन बताया। जब एटीएम ब्लॉक हो गया, तो मुझे जान से मारने की धमकी दी।

राजीव के भाई संजीव ने बताया- पूरी रात हम लोग भाई को ढूंढते रहे। पुलिस को सूचना दी। सुबह ग्रेटर नोएडा से फोन आया, तब जाकर जान में जान आई। नोएडा पुलिस की सतर्कता की वजह से भाई की जान बच गई।

# नोएडा के स्पा सेंटर में चल रहा था सेक्स रैकेट

## पुलिस ने 2 को किया गिरफ्तार, 2 लड़कियों को बचाया, नौकरी और पैसों का दिया था लालच




नोएडा। नोएडा पुलिस ने स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे सेक्स रैकेट का खुलासा करते हुए 2 लोगों को अरेस्ट किया है। स्पा सेंटर की काफी दिनों से पुलिस को शिकायत मिल रही थी। ऐसे में सोमवार की रात पुलिस और एंटी ह्यूमन ट्रैफिंग की टीम ने छापा मारकर। यहां से 2 लड़कियों को बचाया गया। इन्हें नारी निकेतन भेज दिया गया है।

नोएडा के बरौला में पिलर नंबर 44 के सामने एलोरा थाई स्पा सेंटर है। बताया गया कि यहां कुछ लड़कियों पर दबाव और पैसों का लालच देकर सेक्स रैकेट चलाया जा रहा है। जांच में सामने आया कि ये स्पा भगवान सिंह और कोमल चलाते है। ये लोग ग्राहकों से पैसा लेकर कुछ पैसा लड़कियों को देते है।

मुखबिर ने कहा कि यदि जल्दी किया तो इन दोनों को पकड़ा जा सकता है। साथ लड़कियों को बचाया जा सकता है। एसीपी सौम्य के नेतृत्व में टीम ने थाना सेक्टर-49 पुलिस के साथ प्लान बनाया। साथ ही दो गवाह तैयार किए गए। मुखबिर के इशारे पर पुलिस ने थाई स्पा सेंटर पर छापा मार दिया। यहां 5 कमरे बने थे। कमरों की तलाशी लेने पर दो कमरों में आपत्तिजनक हालत में लोग मिले। इसके अलावा बाकी 3 कमरे खाली थे। कमरों से यूज और बिना यूज किए गए आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वे अक्सर यहां आते थे। पकड़ में आया पहला आरोपी विपुल कोहली और दूसरे कमरे से राहुल को पकड़ा। दोनों के कमरे से दो लड़कियों का रेस्क्यू किया गया।

### नौकरी के नाम पर बुलाकर जबरन सेक्स रैकेट में ढकेला

रेस्क्यू की गई दोनों लड़कियों ने पूछताछ में बताया कि हम दोनों को भगवान सिंह और कोमल नौकरी के नाम पर झूठ बोलकर यहां लेकर आए थे। यहां लाकर हमसे पैसों का लालच दिया और जबरन सेक्स के धंधे में ढकेल दिया। लड़कियों ने बताया कि कोमल नाम की महिला एक अन्य व्यक्ति सोनू को किराया भी देती है। फिलहाल पुलिस की टीम भगवान सिंह और कोमल की तलाश कर रही है। जल्द ही दोनों को गिरफ़्तार किया जाएगा।

## पुलिस ने होटल प्रबंधन से मांगे दस्तावेज, अग्निशमन विभाग देगा नोटिस

नोएडा। सेक्टर-104 स्थित मून लाइट होटल में आग लगने से युवती की हुई मौत मामले में कोतवाली सेक्टर-39 पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने होटल प्रबंधन से लीज संबंधी दस्तावेज तीन दिन के भीतर उपलब्ध कराने के लिए कहा है। वहीं बिल्डिंग के मालिक को बयान के लिए बुलाया गया है। पुलिस पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई करेगी।

होटल मून अग्निशमन विभाग से एनओसी लिए बगैर संचालित किया जा रहा था। इमारत बिहार के विमलेश झा की है, जिसे उन्होंने शामली के आकाश वर्मा ने 4.80 लाख रुपये पर लिया था। इस मामले की तकनीकी जांच अग्निशमन विभाग करेगा। अग्निशमन विभाग होटल संचालक को नोटिस भेजने की तैयारी में है। वहीं युवती की मौत के बाद हुई एफआईआर की जांच पुलिस करेगी।

अहम है कि शनिवार की शाम आग लगने से होटल में फिजियोथेरेपिस्ट पलक और उसका मंगेतर तरुण फंस गया था। फेफड़ों में धुंआ भरने से युवती की मौत हो गई थी। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद युवक को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। युवती के भाई ने होटल प्रबंधन के खिलाफ कोतवाली सेक्टर-39 में मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं हादसे के दो दिन बाद भी नोएडा प्राधिकरण की तरफ से बिल्डिंग की जांच को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# 24 मई को होगी किसानों की बैठक

## जमीन का मुआवजा समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा करेंगे




नोएडा। नोएडा में 24 मई को किसानों की बैठक होगी। इसकी अध्यक्षता आईडीसी मनोज सिंह करेंगे।

बैठक में किसानों से संबंधित मुद्दों को रखा जाएगा। जिसमें 10 प्रतिशत की दर से किसानों को जमीन के बदले कितनी धनराशि दी जा सकती है। 64.7 प्रतिशत की दर से मुआवजा और आबादी निपटारा संबंधित मांग के दस्तावेज रखे जाएंगे।

इसकी रिव्यू बैठक प्राधिकरण पहले कर चुका है। इसके बाद आकडों को राजस्व परिषद के चेयरमैन के समक्ष रखा जाएगा।

इस संबंध में किसानों की एक बैठक आज दोपहर को नोएडा प्राधिकरण में की गई। बैठक की अध्यक्षता सीईओ लोकेश एम ने की। इस बैठक में भारतीय किसान मंच के प्रतिनिधि शामिल हुए। किसानों ने मांगों पर प्राधिकरण स्तर पर किए गए कार्यों की जानकारी मांगी। प्राधिकरण ने किसानों को अवगत कराया कि सारा होम वर्क किया जा चुका है। 24 को होने वाली बैठक में सभी मुद्दों पर बातचीत की जाएगी। किसानों ने आबादी निपटारा के लिए 450 वर्गमीटर से बढ़ाकर 1000 वर्गमीटर किया जाए।

# नोएडा के 27 नामचीन स्कूलों को नोटिस, सड़क पर खड़ी करते हैं बस

## नियम का पालन नहीं करने पर हो सकता है आवंटन निरस्त

नोएडा। स्कूल के बाहर सड़क या किसी खाली जगह बस खड़े करने वाले स्कूलों के खिलाफ नोएडा प्राधिकरण कार्रवाई करेगा। इसी क्रम में 27 स्कूलों को नोटिस जारी किए गए हैं।

इन सभी को 15 दिन बाद दूसरा नोटिस जारी किया जाएगा। ये नोटिस धारा-10 यानी अतिक्रमण का होगा। नोटिस के तहत लीज डीड की शर्तों का उल्लंघन करने पर आवंटन निरस्त किया जा सकता है।

इसके अलावा प्राइवेट बस सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों का सर्वे किया जा रहा है। इन सभी को नोटिस जारी कर भारी भरकम जुर्माना लगाया जाएगा। करीब दो सप्ताह पहले नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम ने सेक्टर-25ए के खाली मैदान में स्कूली बस को खड़ा हुआ देखा था।

इस पर सीईओ ने नाराजगी जताते हुए कार्रवाई करने के लिए कहा था। इसके अलावा बस के सड़कों पर खड़े होने से जाम भी लगता है।

इसको देखते हुए नोएडा प्राधिकरण के ट्रैफिक सेल ने कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राधिकरण ने बताया कि स्कूली बसों पर कार्रवाई के लिए यातायात पुलिस को भी पत्र भेजा गया है।

इसके साथ ही सभी स्कूलों को सूचना नोटिस भी भेजे जाने शुरू कर दिए गए हैं।



नोटिस में लिखा है स्कूल बस बच्चों को उतारने के बाद स्कूल कैंपस में खड़ी करना सुनिश्चित करे। जिससे सड़क पर दुर्घटनाओं की संभावना न रहे। यातायात संचालन अवरुद्ध न हो। यदि इस प्रकार की पुनरावृत्ति पाई गई को आपके विरुद्ध आवंटन की शर्तों के अनुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

बता दे भीषण गर्मी के चलते नोएडा के स्कूल में नर्सरी से 12वीं तक की क्लासों को बंद कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है स्कूल खुलने के बाद यदि नियमों का उल्लंघन किया तो आवंटन शर्तों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### इन स्कूलों को जारी किया गया नोटिस

सिटी पब्लिक स्कूल, सफायर इंटरनेशनल स्कूल, ग्लोबल इंडिया इंटरनेशनल स्कूल, मोहन इंटरनेशनल स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल, एसिस कॉन्वेंट एजुकेशनल सोसाइटी, समर विला स्कूल, एपीजे स्कूल, रेयान इंटरनेशनल स्कूल, कोठारी पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, लोट चेरी मियान, स्टेप बाई स्टेप, एनएस पब्लिक स्कूल, बाल भारती स्कूल।

ऑल इंडिया मेरीगोल्ड चाइल्ड, खेतान पब्लिक स्कूल, द मिलेनियम स्कूल, नवोदय विद्यालय समिति, फादर एंगल स्कूल, लोटस वैली एजुकेशन सोसाइटी, राघव ग्लोबल स्कूल, जेबीएम ग्लोबल स्कूल, केएससी एजुकेशन सोसाइटी, माता भगवती देवी चड्डा चैरिटेबल ट्रस्ट, केंब्रिज पब्लिक स्कूल जूनियर, जेनेसिस ग्लोबल स्कूल।

# 12वीं की छात्रा ने आरी से पिता का गला रेता

## कन्नौज में सोते पिता का मर्डर, भाई को भी मारना चाहती थी

कन्नौज। कन्नौज में 12वीं की नाबालिग छात्रा ने आरी से पिता का गला रेत दिया। 17 साल की लड़की ने सोते वक्त वारदात की। उसके पिता वी डी ओ के पद पर कार्यरत थे। छात्रा ने अपने भाई पर भी हमला किया, लेकिन वह बच गया।

घटना छिबरामऊ के करमुल्लापुर गांव की है। पुलिस के मुताबिक, 48 साल के अजय पाल राजपूत सौरिख ब्लॉक में तैनात थे। रात को वह घर में सो रहे थे, तभी उनकी हत्या की गई। पिता की हत्या के बाद बेटी हथौड़ा लेकर भाई सिद्धार्थ के कमरे में पहुंची, लेकिन उसकी आंख खुल गई।

बहन के वार से बचने के बाद भाई उठकर दूसरे कमरे में भागा। पिता की लाश देखकर वह चिल्लाने लगा। इसके बाद परिजनों ने दौड़ाकर बेटी को पकड़ लिया। हत्या क्यों की गई ? पुलिस इसका पता कर रही है। पुलिस ने लड़की को हिरासत में लिया है।



मृतक अजय पाल राजपूत

### लड़की का था अफेयर

गांव के लोगों के मुताबिक, लड़की का एक लड़के से अफेयर चल रहा था। माना जा रहा है कि पिता और भाई को इसके बारे में पता चल गया था। शायद यही वजह रही होगी कि लड़की ने पिता और भाई को रास्ते से हटाने की सोची। पुलिस आरोपी लड़की से पूछताछ कर रही है।

साथ ही इस मामले में एक लड़के को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है।

### अब भाई की जुबानी पढ़िए पूरा हत्याकांड

अजय पाल के 19 साल के बेटे सिद्धार्थ ने बताया- रात 8 बजे के आसपास मैंने पापा और बहन के साथ में खाना खाया।

उस समय तक सब कुछ ठीक ठाक था। बहन के चेहरे पर कोई ऐसा भाव नहीं था कि रात को वो कुछ ऐसा करने वाली है। खाने के बाद मैं अपने कमरे में सोने चला गया और बहन बाहर वाले रूम में सोने चली गई। पापा गैलरी के पास वाले कमरे में चले गए। रात करीब 2 बजे अचानक बहन मेरे कमरे में आई।

### पापा का गला कटा पड़ा था

सिद्धार्थ ने बताया कि बहन के हाथ में हथौड़ा था। उसके आने की आहट से मेरी आंख खुल गई। मैंने जैसे ही करवट ली तो उसने मुझ पर हथौड़ा मारा, लेकिन मैंने किनारे हटा और तुरंत बहन को धक्का मारकर गिरा दिया। इसके बाद उसे पकड़ लिया। हाथ दबाकर हथौड़ा छीना और घसीटकर पापा के कमरे में ले गया। वहां देखा कि पापा का गला कटा पड़ा है, जिसे देखकर मेरी चीख निकल गई। आवाज सुनकर बाकी परिवार वाले भी आ गए। पुलिस को तुरंत घटना की सूचना दी।

### प्राइवेट स्कूल में साथ पढ़ते हैं लड़का-लड़की

पुलिस ने गांव वालों की निशानदेही पर जिस लड़के को हिरासत में लिया है, वो और लड़की प्राइवेट कॉलेज में एक ही क्लास में पढ़ते हैं।

लड़के ने पुलिस को बताया कि मेरी लड़की से बातचीत तो होती थी, लेकिन अफेयर जैसा कुछ नहीं है। मुझे ऐसा नहीं लगता था कि वो ऐसा कर सकती थी।

# आजमगढ़ में दो बच्चियों की तालाब में डूबकर मौत

## ईंट भट्टे के बगल पोखरे में नहाते समय हुआ हादसा

एजेंसी

आजमगढ़। आजमगढ़ के जहानागंज थाना क्षेत्र में दर्दनाक हादसे में दो बच्चियों की तालाब में डूबकर मौत हो गई।

जहानागंज थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के पास ईंट-भट्ठे पर काम कर रहे बनवासी काम कर रहे थे। इसी दौरान भट्ठे से 600 मीटर की दूरी स्थित पोखरे में नहाने चली गईं। वहां दोनों बच्चियां डूब गई। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों बच्चियों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### शोर मचाने पर पहुंचे गांव और बस्ती के लोग

दिनेश बनवासी की बेटी अनीता बनवासी ( 12) कोटिला रानी की सराय और तेजू बनवासी की बेटी कुसुम ( 13) पोखरे में नहाने चली गई।

पोखरे में पानी अधिक होने के कारण बच्चे डूबने लगे। दोनो बच्चियों के डूबने की जानकारी होने पर पास में जो और बड़ी संख्या में बच्चे नहा रहे थे। उन बच्चों ने गुहार लगा दी।

बच्चों द्वारा लगाई गई गुहार को सुनकर आस-पास बस्ती के बड़ी संख्या में लोग पोखरे में कूद कर बच्चों को बाहर निकाला। इन बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया जहां दोनो बच्चों की इलाज के दौरान मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# कक्षा 1-12वीं तक के स्कूल 30 जून तक बंद

## खुले तो होगी कार्रवाई, डीआईओएस और बीएसए ने दिया आदेश

कानपुर। भीषण गर्मी को देखते हुए कानपुर जिले के क्लास वन से लेकर 12 वीं तक के सभी बोर्ड के स्कूल 21 मई से 30 जून तक बंद रहेंगे। सोमवार को डीआईओएस अरुण कुमार और बीएसए सुरजीत सिंह ने स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी कर दिया। ये भी आदेश जारी किए है कि स्कूल खुले मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अभी अधिकांश स्कूल सुबह सात बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित हो रहे थे। तपती दोपहर में बच्चे घर वापस आते थे।

इसको को देखते हुए अभिभावकों की मांग पर स्कूल बंद करने का मुद्दा उठाया । इसे देखते हुए विशेषज्ञों ने रविवार को डीएम ने 21 मई से स्कूल बंद करने का आदेश जारी किया था। अब डीआईओएस और बीएसए ने भी आदेश कर दिया है।

गर्मी की बात की जाए तो सोमवार की रात 14 साल बाद सबसे अधिक गर्म रही। मौसम विभाग के अनुसार रात का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 6.7 डिग्री सेल्सियस अधिक है। इससे पहले 2010 में रात का तापमान 30 डिग्री पहुंचा था। तापमान में बढ़ोतरी की वजह रात में बादल होना बताया जा रहा है।

रात के समय जमीन से उमस ऊपर की ओर उठती है, बादल होने हो की वजह से वह आसमान में नहीं जा पाती पाती है। इससे वातावरण में तपिश और उमस बढ़ती है।

इस बीच दिन में हल्के बादल होने से सूरज की किरणें जमीन पर डिग्री थोड़ी हल्की रहीं, जिससे अधिकतम तापमान में तीन डिग्री की कमी आई। दिन इससे का पारा 43.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड डिग्री किया गया। कुछ इलाकों में देर रात हल्की वजह बारिश भी हुई।

# गोरखपुर में जहर खाने से चाचा-भतीजी की मौत

गोरखपुर। गोरखपुर में एक चाचा-भतीजी की जहर खाने से मौत हो गई। चाची से नाराज चाचा के साथ मजाक में भतीजी ने भी जहर खा लिया। गंभीर हालत में उन्हें मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना खजनी इलाके के महुआडाबर गांव में देर रात की है। दरअसल, खजनी के महुआडाबर गांव निवासी करन (34) का पत्नी से विवाद चल रहा था। पत्नी राजकुमारी कई दिनों से मायके में रह रही थी। 19 मई को बेलीपार देवकली गांव स्थित पत्नी के मायके करन गया था। करन के तीन भाई हैं। सभी अलग-अलग रहते हैं। वहां से लौटने के बाद करन अपने छोटे भाई हरिशचंद के घर रात 8 बजे खाना खाने गया। वहां पर उसकी मां और बड़े भाई जयप्रकाश, जो बेंगलुरु में काम करते हैं, उनकी 18 साल की बेटी संजना मौजूद थी।

# बागपत में चोरों के गिरोह का खुलासा

## पुलिस और सर्विलांस की टीम ने 5 बदमाशों को पकड़ा, नलकूपों से चोरी का सामान बरामद

बागपत। पुलिस और सर्विलांस टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। यहां पुलिस ने नलकूप उपकरण चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से भारी मात्रा में किसानों के नलकूपों से चोरी किए गए सामान को बरामद किया है।

आरोपियों ने बताया कि वह पहले नलकूपों की रेकी कराया करते थे और उसके बाद चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। फिलहाल पुलिस इनके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है। पूरा मामला सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के पिलाना मोड़ के समीप का है, जहां सिंघावली अहीर पुलिस और सर्विलांस की टीम चेकिंग अभियान चलाए हुए थे।

पुलिस ने एक सेंट्रो कार को रुकने का इशारा किया जिसके बाद चालक ने कार की रफ्तार बढ़ा दी। पुलिस ने घेराबंदी करके कार को रुकवा लिया। इसमें पांच अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। ये सभी रात में किसानों के नलकूपों को निशाना बनाकर उनसे उपकरण चोरी किया करते थे और



पुलिस पिछले 6 से 7 महीने में इस चोर गिरोह की तलाश में जुटी थी।

### आरोपियों के कब्जे से बरामद सामान

पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार करते हुए किसानों के नलकूपों से चोरी हुए केवल के टुकड़े, 11 किलो 800 ग्राम तार, एक स्टार्ट, एक स्टार्ट बॉडी, एक कट आउट ,दो पेंचकस, दो पिलास, एक हथोड़ा, एक छैनी, तीन चाबी ,एक अवैध चाकू एक अवैध तमंचा दो जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त एक सेंट्रो कर बरामद की है।

### इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

गिरफ्तार अभियुक्त आकिब मलिक पुत्र असगर निवासी मेरठ, श्याम कुमार पुत्र नंदकिशोर निवासी बड़ौत ,पप्पू उर्फ रहीसुद्दीन पुत्र बाबू निवासी लोनी, अमित पुत्र देवेंद्र निवासी बागपत जुबेर पुत्र आलम निवासी ग्राम बसोद जनपद बागपत को गिरफ्तार किया है। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए प्रेसवार्ता कर जानकारी दी।

# यूपी के 17 शहरों में बारिश, 35 में हीटवेव अलर्ट

## आगरा का पारा दूसरे दिन भी 47.7; कानपुर में 14 साल का रिकॉर्ड टूटा



कानपुर। मौसम विभाग ने आज यूपी के 17 शहरों में बारिश और 35 में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में प्री-मानसून गतिविधि शुरू हो गई है। बलरामपुर, बस्ती, बुलंदशहर, कुशीनगर और कानपुर में हल्की बूंदाबांदी हुई। सोमवार देर शाम लखनऊ में तेज आंधी चली।

इधर, आगरा सोमवार को लगातार दूसरे दिन प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा।

यहां अधिकतम तापमान 47.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रविवार को भी यहां इतना ही तापमान था। कानपुर में गर्मी ने 14 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। सीएसए यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया-14 साल बाद कानपुर में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात सबसे गर्म रही। इस रात न्यूनतम पारा 30 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इससे पहले 2011 में न्यूनतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था।

मंगलवार को भी प्रदेश के पूर्वी जिलों में बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया गया है। बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी के 35 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। इस दौरान कई शहरों में पारा 47 डिग्री के पार जा सकता है।

### 8 जिलों में हीटवेव का रेड और 27 में ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने प्रदेश के 8 जिलों में हीटवेव और 27 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने रेड अलर्ट वाले शहरों के लिए एडवाइजरी भी जारी की। इसमें कहा गया कि बुजुर्ग और बच्चे बिना सिर ढके दोपहर के वक्त घर से बाहर नहीं निकले। साथ ही, लिक्विड डाइट ज्यादा से ज्यादा लें। झांसी में सोमवार को भी हीटवेव का रेड अलर्ट था। यहां चुनाव ड्यूटी के दौरान 45 साल के हेड कॉन्स्टेबल दिनेश सिंह यादव (45) की तबीयत बिगड़ गई। बूथ से साथी उनको अस्पताल ले गए, वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। एसपी ने बताया कि ड्यूटी के दौरान अचानक उन्हें खून की उल्टी शुरू होने लगी थी।

# बंद कमरे में मिला युवती का शव

**4 साल से किराए के मकान में रहती थी, बदबू आने पर मकान मालिक को हुई जानकारी**

कानपुर। कानपुर के गुजैनी में मंगलवार सुबह बंद कमरे में युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। दो दिन से युवती कमरे के बाहर नहीं निकली तो मकान मालिक को शक हुआ। युवती के कमरे का दरवाजा खटखटाया तो कोई जवाब नहीं मिला। कमरे से बदबू भी आ रही था। उन्होंने पुलिस और परिजनों को सूचना दी।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची गुजैनी पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों ने किसी पर भी कोई आरोप नहीं लगाया है। कानपुर देहात मदनपुर बरौर निवासी किसान शिव सिंह सचान के परिवार में पत्नी मनोरमा सचान, बेटी आरुषी सचान (23), छोटा बेटा प्रियांशु सचान है। बड़ी बेटी एकता की शादी हो चुकी है। आरुषी रेवमोती में नौकरी करती है और पिछले चार साल से गुजैनी में सत्यनाराण शर्मा के मकान में एक कमरा किराए में लेकर रहती थी।

### रविवार को हुई थी फोन पर बात

परिजनों ने बताया- रविवार की रात को आरुषी ने मां मनोरमा से फोन पर बात की थी। उस समय तक वह बिल्कुल ठीक थी, लेकिन उसने ऐसा कदम क्यू उठाया यह नहीं पता। करीब 15 मिनट तक आरुषी ने घर वालों से आखिरी बार बात की थी। इसके बाद उसने फोन पर कहा कि अब वह सोने जा रही है। गुजैनी थानाध्यक्ष विनय तिवारी ने बताया-खुदकुशी का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप भी नहीं लगाया है।

# हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाने के लिए माफी मांगे मोदी : कांग्रेस

नयी दिल्ली। भगवान जगन्नाथ को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता संबित पात्रा की जुबान से निकले शब्द पर सियासत गहरा गई है और कांग्रेस ने इसे भगवान जगन्नाथ के भक्तों की भावनाओं से खिलवाड़ करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसके लिए देश से माफी मांगने को कहा है।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में पात्रा के बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पुरी से पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार संबित पात्रा ने महाप्रभु भगवान जगन्नाथ को मोदी का भक्त बताया है। इस बयान की जितना निंदा की जाए कम है। इस बयान का विरोध होने लगा तो श्री पात्रा उपवास कर झूठी माफी मांगने की बात कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं है, जब भाजपा ने हिंदू देवी-देवताओं को मोदी के समकक्ष खड़ा कर उनका अपमान किया है। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान भाजपा के



आधिकारिक हैंडल से एक फोटो पोस्ट की गई जिसमें श्री राम एक बच्चे के रूप में हैं और श्री मोदी उनकी उंगली पकड़कर उन्हें ले जा रहे हैं।

इसी दौरान अयोध्या में श्री राम से बड़े कट-आउट श्री मोदी के लगे थे और चंपत राय ने उन्हें भगवान विष्णु का अवतार बता दिया था।

इसी तरह केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह ने श्री मोदी को भगवान का अवतार बताया था। भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने उन्हें भगवान श्री राम का अंश बताया। था। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने तथा साक्षी महाराज ने नरेंद्र मोदी को भगवान बता दिया था।

# कुशीनगर में घर में घुसकर फायरिंग

कुशीनगर। कुशीनगर के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोहनी निवासी एक युवक के घर पर कुछ लोगों द्वारा घर में घुस कर असलहे से फायर करने व धमकी देने का आरोप लगाया गया है। इस सम्बंध में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अब मामले में जांच कर कार्रवाई करने की बात कर रही है। जानकारी के मुताबिक कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोहनी के निवासी अमित कुमार दूबे ने कप्तानगंज कस्बा निवासी दो लोगों पर आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया है कि कप्तानगंज कस्बे निवासी कुछ अपराधी प्रवृति के लोगों को उनके घर भेज कर उनके लड़के गोपाल दूबे को जान से मारने की धमकी दिलवाई गयी। साथ ही आरोपियों ने अपना धौंस दिखाने के लिए गाली देते हुए दरवाजे पर असलहे से फायर किया। जिसकी आवाज सुनकर आस पास के लोग मौके से फरार हो गए। इस घटना की लिखित सूचना पीड़ित द्वारा मुकामी पुलिस से की गई है।

# देश के प्रधान सांसद इस बार क्योटो से चुनाव हार रहे हैं : अखिलेश यादव

भदोही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा हमला करते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि देश के प्रधान सांसद इस बार क्योटो (वाराणसी) से चुनाव हार कर रहे हैं।

जिले के राजपुरा मैदान में इंडिया गठबंधन के तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी ललितेशपति त्रिपाठी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुये यादव ने मंगलवार को कहा कभी काशी को क्योटो बनाने का सपना दिखाने वाले देश के प्रधान सांसद अब की बार क्वोटो से भी चुनाव हारने जा रहे हैं। देशवासियों के लिए यह सबसे बड़ी ब्रेकिंग न्यूज़ है। यह चुनाव आम चुनाव न होकर संविधान मंथन का है जहां एनडीए संविधान बदलने के लिए तत्पर है तो वहीं इंडिया गठबंधन के लोग कमर कस कर बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान की रक्षा के लिए आज जनता के बीच में हैं।

उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बांड



के जरिए भाजपा ने देश के प्रतिष्ठित व्यवसाइयों से चंदा लेकर महंगाई को बढ़ाने का काम किया है। भाजपा ने दावा किया था कि किसानों की आय दोगुनी कर देंगे लेकिन हुआ क्या, पिछले 10 वर्ष में खाद, बीज, डीजल व पेट्रोल की महंगाई अपने चरम पर है। किसानो की खेती की लागत भी नहीं निकल पा रही है। आलम यह है कि गांवों के असहाय व गरीब सरकार की ओर देख रहे हैं जबकि सरकार के लोग अपनी झोली भरने में जुटे हैं।

यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में महंगाई बेतरतीब ढंग से बढ़ी है। चारों तरफ बेरोजगारी का बोलवाला है। सरकारी नौकरी के लिए कोई भी जगह निकलती है तो शिक्षित बरोजगार कड़ी मेहनत कर उसकी परीक्षा देते हैं लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि हर बार परीक्षा के पेपर लीक हो जाते हैं। यहां तक की सेना में भर्ती के लिए पहले से लागू व्यवस्था को बदलकर अग्नि वीरो की भर्ती की योजना बनाकर केंद्र सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है। सरकार के इस कदम से शिक्षित बरोजगारों व अग्नि वीर के जवानों के परिजन नाराज हैं जो चुनाव में इन्हें अच्छा सबक सिखाएंगे।

उन्होने कहाकि 400 पार का नारा देनेवाली बीजेपी अब 400 हार कर मात्र 140 सीटों तक सिमट कर रह जाएगी। अभी तक पांच चरणों के हुए चुनाव से स्पष्ट हो चुका है कि इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रहा है अगर बात उत्तर प्रदेश की करें तो प्रदेश की 80 सीटों को जीतने का दावा करने वाली भाजपा प्रदेश की सभी सीटों पर चुनाव हार रही है।

# शार्ट न्यूज

## पीएम कुसुम योजना सिचाई सोलर पंप

ललितपुर। प्रधानमंत्री कृषक सिंचाई परियोजना के अंतर्गत जनपद में सोलर सिंचाई पंपों की स्थापना की जा रही है। इस योजना को पीएम कुसुम सी-वन योजना कहा जाता है । इस योजना में ऐसे किसानों का चयन किया जाएगा जिनके यहां 3 किलोवाट से लेकर 7-50 किलोवाट तक के पहले से विद्युत संयोजन युक्त सिचाई पंप स्थापित है यानी ऐसे किसान जिन्होंने अपना सिचाई पंप लगा रखा है और उसमें मीटरयुक्त विद्युत संयोजन भी है तथा उसके विधुत बिल का भी नियमित भुगतान किया जा रहा है।ऐसे किसानों को इस योजना से लाभान्वित किया जाएगा। इस योजना में ऑनग्रिड सोलर प्लांट की स्थापना की जाएगी यानी जब विद्युत की सप्लाई होगी तभी सोलर प्लांट का इस्तेमाल किया जा सकता है।जो किसान इस योजना से लाभान्वित होना चाहेंगे वह पीएम कुसुम सी-वन योजना के अंतर्गत अपने विद्युत बिल एवं आधार कार्ड से ऑनलाइन आवेदन करेंगे और उसे आवेदन पत्र का प्रिंट निकाल कर उसका सत्यापन अपने क्षेत्र के संबंधित अवर अभियंता विद्युत विभाग तथा लेखपाल एवं ग्राम विकास अधिकारी से सत्यापन के उपरांत जनपद में यूपी नेडा विभाग में जमा होंगे और इसके पश्चात समुचित जांच कर इसको लखनऊ यूपीनेडा मुख्यालय भेजा जाएगा ।

## रक्तदान ही है इस संसार का सबसे बड़ा दान



ललितपुर। जय अम्बे रक्तदान समिति ललितपुर (रजि.) की तरफ से अजय कुमार (रेलवे विभाग) और अरबाज पठान ने किया रक्तदान। किसी ने सही कहा है की रक्तदान श्रेष्ठदान व श्रेष्ठ कर्म है और प्रत्येक इंसान को इंसानियत की खातिर अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इंसान द्वारा दान किया गया रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के प्राणों की रक्षा करता है और इससे ज्यादा सुकून की बात किसी रक्तदाता के लिए नहीं हो सकती। इसी क्रम में लगातार 17 वर्षों से जरूरतमंदों को ब्लड उपलब्ध कराने वाली जय अम्बे रक्तदान समिति ललितपुर द्वारा दो जरूरतमंदों को पहला निजी अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिला के लिए आपातकालीन स्थिति में रात्रि 10: 00 बजे ब्लड उपलब्ध कराया गया। और दूसरा भीषण गर्मी में दोपहर करीब 3: 00 बजे जिला चिकित्सालय में भर्ती है वृद्ध के लिए ब्लड उपलब्ध कराया गया। दोनों मरीजों को समिति की तरफ से आपातकालीन स्थिति में रक्तदान कराया गया। क्योंकि दोनों मरीजों को फ्रेश ब्लड की आवश्यकता थी और दोनों मरीजों के परिवारजनों में किसी का भी ब्लड ग्रुप उनकी मरीज के ब्लड ग्रुप से नहीं मिला।

## साड़ी वितरित: आठ के खिलाफ मुकदमा

बलिया। उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने की नीयत से महिलाओं में साड़ी वितरित करने का कथित वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने एक ग्राम प्रधान और तीन अन्य सहित कुल आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि क्षेत्र के हैबतपुर गांव में गत 18 मई को एक मकान के प्रांगण में भारी संख्या में जुटी महिलाओं को लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने की नीयत से साड़ी वितरित करने का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद मामले में कार्यवाही करते हुए कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को ग्राम प्रधान नरेंद्र राय , राकेश राय , बीरबल राम और भालू राय के साथ ही चार अज्ञात के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 , 171 बी और 171 इ में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## बुलंदशहर में तीन लुटेरे गिरफ्तार

बुलन्दशहर। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के खुर्जा नगर क्षेत्र में पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद लूट के आरोपी तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हथियार और लूट का माल बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि आज सुबह बदमाशों में हुई मुठभेड के दौरान पुलिस ने तीन दिन पूर्व पेट्रोल पंप मालिक से हुई लूट की घटना के आरोपी तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस दो स्कूटी एक मोटरसाइकिल तथा सोने की चैन व 72 हजार रुपये नकद बरामद किये हैं। उन्होने बताया कि खुर्जा नगर पुलिस ग्राम शाहपुर कट के पास संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैंकिंग कर रही थी। इसी दौरान रामगढी मोड की तरफ से एक मोटर साईकिल पर सवार तीन व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। जिन्हें पुलिस द्वारा रूकने का इशारा किया गया मगर वह नहीं रूके और पलिस टीम पर फायर कर मोटर साईकिल को तेजी से रामगढी की तरफ भागने लगे।

## अखिलेश की रैली में लाठियां चलीं

आजमगढ़। आजमगढ़ में अखिलेश यादव की रैली में मंगलवार को फिर समर्थक बेकाबू हो गए। बैरिकेडिंग तोड़कर मंच के करीब तक पहुंच गए। पुलिस ने लाठीचार्ज करके समर्थकों को वहां से हटाया। इसके बाद भी समर्थक काबू में नहीं आए। समर्थकों ने कुर्सियां तोड़ दीं। जूते-चप्पल, ईंट-पत्थर भी फेंके। बाद में अखिलेश ने मंच संभाला। उन्होंने समर्थकों से शांत रहने की अपील की। अखिलेश ने कहा- आप लोग समाजवादी कार्यकर्ता हैं। आपमें जोश है। इस जोश को 25 मई तक संभाल कर रखिए। अनुशासन में रहिए, अनुशासन मत बिगाड़िए। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए है। इसके बाद समर्थक शांत हुए। फिर अखिलेश ने रैली को संबोधित किया। सपा ने लालगंज से दरोगा प्रसाद चुनाव मैदान में उतारा है। अखिलेश उनके समर्थन में प्रचार करने सरायमीर थाना के खरेमा बाजार पहुंचे थे। इससे पहले सोमवार को अखिलेश यादव की संतकबीरनगर की रैली में भी भगदड़ जैसे हालात बन गए थे। रैली में कुर्सियां टूटी थीं।

## चुनाव ड्यूटी में आए हेड कॉन्स्टेबल की मौत

झांसी। झांसी में चुनाव ड्यूटी में आए एक हेड कॉन्स्टेबल दिनेश सिंह यादव (45) की मौत हो गई। वह सोमवार को मऊरानीपुर ब्लॉक के मथूपुरा गांव स्थित पोलिंग बूथ पर ड्यूटी कर रहे थे। शाम करीब 3-45 बजे उनकी तबीयत बिगड़ गई। तब उनको मऊरानीपुर सीएचसी ले जाया गया। हालात नाजुक होने पर डॉक्टरों ने झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान देर रात करीब 12 बजे दिनेश की मौत हो गई। सूचना पर परिवार के लोग झांसी पहुंच गए। साले ने इलाज में हद से ज्यादा लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। फिलहाल शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। अब पुलिस पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुटी है। दिनेश सिंह यादव मैनपुरी जिले के बलरामपुर थाना क्षेत्र के पुरावली गांव के रहने वाले थे। मृतक के साले बृजेश यादव ने बताया कि दिनेश 1998 में यूपी पुलिस में भर्ती हुए थे। फिलहाल वह हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे।

## मौत के 10 दिन बाद समाधि से निकाला शव

आगरा। आगरा के थाना सदर क्षेत्र स्थित लाल नाथ समाधि मठ में समाधि खोदकर मठाधीश योगी चैतन्य नाथ का शव निकाला गया। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराएगी, इससे मौत की सही वजह पता चल सके। दस मई को संदिग्ध अवस्था में मठाधीश योगी चैतन्य नाथ की मौत हो गई थी। योगी के भाई ने हत्या की आशंका जताई है। सदर में कैंट स्टेशन रोड पर लालनाथ समाधि मठ है। यहां पर योगी चैतन्य नाथ पांच साल से सेवा कर रहे थे। दस मई को चैतन्य नाथ की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई थी। उनका शव दो दिन कमरे में पड़ा रहा। 12 मई को कमरे से दुर्गंध आने पर मठ के अन्य लोगों ने देखा तो मृत अवस्था में मिले थे। इसके बाद संतों ने उन्हें समाधि दे दी थी। योगी चैतन्य नाथ के भाई मुन्ना मिश्रा ने बताया- भाई की संदिग्ध अवस्था में मृत्यु के बाद संतों ने उनको समाधि दे दी थी। बाद में उन्हें पता चला कि भाई लहूलुहान हालत में मिले थे। भाई का मोबाइल, एटीएम कार्ड भी गायब था।

## मुझे दुख है कि मैंने एआई पर काम क्यों किया, इससे लोगों की नौकरियां जा रहीं हैं : ज्यॉफे हिंटन



न्यूयॉर्क। आर्टिफिशियल इंटेलजेंस के जनक कहे जाने वाले ज्यॉफ्रेहिंटन ने खुद अपनी ही बनाई तकनीक पर चिंता जताई और कहा कि उन्हें इस बात का दुख है कि एआई की वजह से लोगों की नौकरियां जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जीवनभर उन्हें इस बात का अफसोस रहेगा कि उन्होंने एआई के लिए इतने समय तक काम किया। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि इसे कोई रोक नहीं सकता था। अगर मैंने ऐसा ना किया होता तो कोई और कर देता। दुख जताते हुए उन्होंने कहा कि यूनिवर्सल बेसिक इनकमा का रास्ता इस युग में कारगर हो सकता है। एआई की वजह से जॉब मार्केट में आ रहे बदलाव के दौर में मैं कहना चाहता हूं कि यूनिवर्सल बेसिक इनकम एक अच्छा रास्ता है। एआई से प्रोडक्टिविटी बढ़ेगी और खूब पैसा बढ़ेगा लेकिन इससे समाज में असमानता बढ़त्र जाएगी। बहुत सारे लोगों की नौकरियां जाएंगी और दूसरी तरफबहुत सारे लोग बेहद अमीर हो जाएँगे। यह समाज के लिए बहुत बुरा होने वाला है। उन्होंने कहा कि अगले पांच से 20 साल में ही एआई एक बड़ी चुनौती बन सकता है। बता दें कि ज्यॉफ्रेहिंटन का जन्म लंदन में 6 दिसंबर 1947 कोहुआ था। उन्होंने कैंब्रिट से एक्सपेरिमेंटल साइकॉलजी में ग्रेजुएशन किया और इसके बाद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में पीएचडी की। वह गूगल के साथ काम कर रहे थे लेकिन अब उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। दरअसल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की कोई सीमा नहीं है। यह ऐसी तकनीक है जो कि खुद विकसित होने की क्षमता रखती है। महान वैज्ञानिक स्टीफन्स हॉकिन्स ने एआई को एक बड़ा खतरा बताया था और कहा था कि इंसान का विकास एक सीमित गति से होता है। वहीं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की कोई सीमा नहीं है। ऐसे में मानव मशीनों से पीछे हो जाएगा और यह पूरी मानवता के लिए खतरा है।

## दुनिया का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन बना चीन में, अंदर से बाहर आने में छूट जाते हैं पसीने!

लंदन। चीन में एक बेहद गहरा मेट्रो स्टेशन है, जो चीन में सबसे गहरा स्टेशन तो है ही, साथ ही उसे दुनिया का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन भी माना जाता है। इन दिनों इस मेट्रो स्टेशन से जुड़ा एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक महिला उस स्टेशन के बाहर से अंदर जाती है और दिखाती है कि वो कितना गहरा है। जब आप इसे देखेंगे तो हैरान हो जाएंगे। इंस्टाग्राम अकाउंट पर हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया गया है, जिसमें एक महिला चीन के शॉन्कींग में हॉन्यानकुन मेट्रो स्टेशन के अंदर प्रवेश करती नजर आ रही है। वो बताती है कि ये चीन का सबसे गहरा सबसे स्टेशन, यानी मेट्रो स्टेशन है। कई पोर्टल्स की ओर से ये भी दावा किया गया है कि ये दुनिया का सबसे गहरा सबवे स्टेशन है।रिपोर्ट के अनुसार इस स्टेशन की गहराई 116 मीटर है। इस लिहाज से ये करीब 35 से 40 मंजिल की इमारत जितना गहरा है। जब लोग इस मेट्रो स्टेशन के अंदर लिफ्ट से जाते हैं, तो उनके कान तक बंद हो जाते हैं। इस मेट्रो स्टेशन को बनाने के दौरान मजदूरों को नीचे से ऊपर आने में 38 मिनट तक का वक्त लग जाता था। अब एस्कलेटर और लिफ्ट के जाल की बदौलत लोगों को 10 मिनट तक वक्त एंट्री और एग्जिट में लग जाता है। साल 2017 से इसका निर्माण कार्य शुरू हुआ था, जो 2022 में जाकर पूरा हुआ। ये जगह पहाड़ी इलाके में है, इस वजह से मेट्रो बनाने वाले लोगों को काफी नीचे तक खुदाई करनी पड़ी, जिससे वो मेट्रो लाइन से इसे जोड़ सकें।वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं कि महिला को कितने सारे एस्कलेटर पार करने पड़े, तब वो स्टेशन के दूसरे तरफ के एग्जिट तक पहुंच पाई। अंदर इतने एस्कलेटर हैं और लोगों को इतना ज्यादा चलना पड़ रहा है कि शायद आप सोचें कि इससे अच्छा दूसरी जगह तक जाने के लिए टैक्सी बुक कर लेनी चाहिए थी।

## श्रीलंका में सीता अम्मन मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा में इस्तेमाल हुआ पवित्र सरयू नदी का जल

कोलंबो। श्रीलंका में एक हिंदू मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अयोध्या की सरयू नदी के पवित्र जल का इस्तेमाल हुआ। इस प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में हजारों लोग शामिल हुए। श्रीलंका के सीता एलिया गांव में सीता अम्मन मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन हुआ। भारतीय उच्चायोग ने पोस्ट में कहा कि श्रीलंका में सीता अम्मन मंदिर के कुंभाभिषेकम कार्यक्रम में हजारों भारतीय, श्रीलंकाई और नेपाली श्रद्धालु शामिल हुए। इस प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा, आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। माता सीता को समर्पित मंदिर का अभिषेक समारोह सरयू नदी के पवित्र जल से हुआ, जो भारत के अयोध्या से लाया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक भगवान राम की जन्मभूमि माने जाने वाले अयोध्या और देवी सीता का जन्मस्थान माने जाने वाले नेपाल से सीता अम्मन मंदिर को पवित्र प्रसाद प्राप्त हुआ। भारत और श्रीलंका सहित दुनिया भर से श्रद्धालु समारोह को देखने और इसमें भाग लेने के लिए एकत्र हुए। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के समापन के मौके पर देवी सीता के लिए भारत और नेपाल से भेजे गए वस्त्रों के अलावा आंध्र प्रदेश के तिरुपति के प्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर से भेजी गई मिठाइयां और अन्य सामग्री भेंट की गईं। श्रीलंका में बन रहे विशाल सीता अम्मन मंदिर में 19 मई को मां जानकी की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके लिए श्रीलंका ने योगी सरकार से अयोध्या की पवित्र सरयू नदी का जल भेजने का अनुरोध किया था।

## ईरान में 28 जून को होगा राष्ट्रपति चुनाव

तेहरान। ईरानी सरकार ने निर्णय लिया कि देश में 14वें राष्ट्रपति का चुनाव 28 जून को होगा। यह जानकारी लोकल मीडिया के द्वारा दी गई। खबर में कहा गया कि चुनाव की तारीख का निर्धारण एक बैठक में किया गया, जिसमें ईरान के प्रथम उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर, न्यायपालिका प्रमुख गुलाम हुसैन मोहसेनी-इजेई और संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकर कलीबाफ, कानूनी मामलों के उपाध्यक्ष मोहम्मद देहकान और ईरानी संवैधानिक परिषद और आंतरिक मंत्रालय के प्रतिनिधि शामिल हुए। ईरानी संविधान के अनुच्छेद 131 के अनुसार, अगर राष्ट्रपति अपने कर्तव्यों का पालन करने में असमर्थ हैं,तब पहला उपराष्ट्रपति उनके दायित्वों का निर्वहन करेगा। साथ ही, अंतरिम राष्ट्रपति अधिकतम 50 दिनों के भीतर नए राष्ट्रपति के चुनाव की व्यवस्था करने के लिए कर्तव्यबद्ध है। बैठक के दौरान, प्रतिभागियों ने कार्यकारी प्रतिनिधिमंडलों के गठन, उम्मीदवारों के पंजीकरण और चुनावी अभियानों के शुभारंभ सहित चुनावी प्रक्रिया के कार्यक्रमों को भी निर्धारित किया। कार्यक्रम के आधार पर पंजीकरण 30 मई से तीन जून तक होगा, जिसके बाद उम्मीदवारों को 12 से 27 जून तक चुनावी प्रचार करना होगा। आईआरएनए के अनुसार, संवैधानिक परिषद ने इस कार्यक्रम पर सहमति दी है।

## राईसी के शव को गुरुवार को मशहद में दफनाया जाएगा : मंसूरी

तेहरान। ईरान के उपराष्ट्रपति मोहसिन मंसूरी ने कहा है कि राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के पार्थिव शरीर को गुरुवार को मशहद में दफनाया जाएगा। स्थानीय मीडिया ने ईरानी उपराष्ट्रपति के हवाले से यह जानकारी दी। श्री मंसूरी ने कहा कि शोक समारोहों में भाग लेने के लिए विभिन्न प्रांतों में लोगों द्वारा लगातार अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए, ईरानी शिक्षा मंत्रालय ने सभी छात्रों की परीक्षाओं को रद्द कर दिया है। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामनेई ने इस घटना पर पांच दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की। राष्ट्रपति राईसी अजरबैजान गणराज्य के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के साथ एक बांध का उद्घाटन करने के लिए रविवार सुबह पूर्वी अजरबैजान प्रांत की यात्रा पर थे। यह दुर्घटना उस समय हुई जब राष्ट्रपति रायसी वापस लौट रहे थे।



तेहरान में लोग राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत पर शोक व्यक्त करने उमड़ पड़े।

## ईरानी राष्ट्रपति की मौत पर सोशल मीडिया पर चल रही कई थ्यौरी

### -कुछ कह रहे इजराइल ने अंतरिक्ष आधारित लेजर से मारा

तेहरान। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर हादसे में मौत हो गई। इस हादसे के पीछे कथित तौर पर इजरायली साजिश को लेकर अटकलें लग रही हैं। लेकिन कई रिपोर्ट्स में इजरायली अधिकारियों ने कहा कि हादसे में उनका हाथ नहीं हैं। इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद हादसे के बाद से एक्स पर ट्रेंड कर रहा था। वहीं कई लोग हादसे से जुड़ी कई तरह की थ्यौरी देने की कोशिश कर रहे थे।

कुछ लोगों ने कहा कि अंतरिक्ष आधारित लेजर हथियार से ईरानी राष्ट्रपति को निशाना बनाया गया। वहीं कुछ ने इस पूरे मामले को उत्तराधिकार से जुड़ा खेल बताया, जिसमें ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का बेटा शामिल था। हालांकि अभी तक हादसे का कारण खराब मौसम माना जा रहा है। इसके अलावा हेलीकॉप्टर का पुराना होना भी क्रैश की वजह हो सकता है। फिर भी ईरान के कटटर दुश्मन इजरायल को संदिग्ध माना जा रहा है।

खुद को जायोनी विरोधी बताने वाले यहूदी वैज्ञानिक बेंजामिन रुबिनस्टीन ने लिखा, हम जायोनी साजिश से इंकार नहीं कर सकते, पूरी जांच से सच्चाई सामने आ जाएगी। सबसे पहले इजरायली साजिश का आरोप ईरान के एक एक्सपर्ट फोआद इजादी ने लगाया था। उन्होंने दुर्घटना में गड़बड़ी का संकेत दिया था, जिसके बाद ऑनलाइन साजिश से जुड़ी थ्योरी आने लगी। कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने कहा कि ईरानी राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर पायलट ने जानबूझकर क्रैश कर दिया था। वहीं अन्य लोगों ने सवाल उठाया कि आखिर राष्ट्रपति के काफिले में तीन हेलीकॉप्टर थे, उनमें से दो क्रैश के बाद भाग क्यों गए।

# ट्रंप के वकील ने खुद पर लिया इल्जाम, अब पलट सकती है बाजी !

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एडल्ट स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स मामले में बुरी तरह घिरे हुए हैं। ट्रंप का वकील बनने से पहले वह उनकी रियल एस्टेट कंपनी में ऊंचे ओहदे पर थे। कहा जाता है कि कोहने ट्रंप के सारे राज जानता है और उसी ने स्टॉर्मी डेनियल्स तक पैसे पहुंचाए थे। हालांकि कोर्ट में उसने कुछ ऐसे इल्जाम कबूल लिए, जिससे पूरा केस ही पलट सकता है। डोनाल्ड ट्रंप के फिक्सर रहे माइकल कोहेन ने कोर्ट को बताया कि उन्होंने 'खुद की मदद' के रूप में ट्रंप की कंपनी से पैसे चुराए थे। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ चल रहे इस मामले में कोहेन सबसे अहम गवाह है। हालांकि अब उनका यह कबूलनामा उनकी विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचा सकती है।



कोहेन ने कहा कि उन्हें ट्रंप की कंपनी की तरफ एक तकनीकी कंपनी को 50 हजार डॉलर देने थे, लेकिन उन्होंने इसमें से 20 हजार उस कंपनी को कैश में दिए और बाकी का 30 हजार डॉलर अपने पास रख लिया। दरअसल कोहेन ने बताया कि उसने पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल को मुंह बंद करने के लिए अपनी जेब से 130,000 डॉलर दिए था। हालांकि इसके बाद उसे ट्रंप ऑर्गनाइजेशन की तरफसे बोनस के नाम पर बस एक लाख डॉलर दिए गए। ऐसे में उसने अपने बकाया पैसे इस तरह रख लिए। ट्रंप के खिलाफ चल रहे इस मुकदमे में माइकल कोहेन अभियोजन पक्ष के सबसे अहम गवाह हैं, जो जूरी को यह यकीन दिलाने चाहता है कि ट्रंप ने डेनियल्स को किए गए पेमेंट को छुपाकर कानून तोड़ा है। हालांकि कोर्ट में अब कोहने का यह कबूलनामा उन्हें एक झूठे शख्स और अपराधी की तरह पेश करता है। ऐसे में जूरी को उनकी गवाही पर यकीन दिलाना अभियोजन पक्ष के लिए खासा मुश्किल माना जा रहा है। ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने इस पॉर्न स्टार से संबंध बनाए और फिर पैसे देकर मुंह बंद कराया। इस मामले में ट्रंप के खिलाफन्यूयॉर्क की अदालत में केस चल रहा है, जहां माइकल कोहेन ने सोमवार को बयान दर्ज कराया। कोहेन को ट्रंप का बेहद करीबी माना जाता है।

## वेटिकन सिटी में सालों बाद भी पैदा नहीं हुआ एक बच्चा

### -दुनिया के सबसे छोटे देश के तौर पर जाना जाता है इसे

वेटिकन सिटी (एजेंसी)। एक ऐसा देश है, जो अजीब तथ्य के लिए जाना जाता है। रोमन कैथोलिक ईसाई धर्म के सभी धार्मिक नेताओं का ये घर है और यहां पोप का शासन है। इस देश में एक भी बच्चा पैदा नहीं हुआ। इस देश का निर्माण 11 फरवरी 1929 को हुआ था।

हैरानी की बात है कि 95 साल बाद भी यहां कभी एक भी बच्चे का जन्म नहीं हुआ है। इसके पीछे जो वजह है, वो और भी ज्यादा हैरान कर देने वाली है। इस देश का नाम वेटिकन सिटी है। इसे दुनिया के सबसे छोटे देश के तौर पर जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि दुनिया भर के सभी कैथोलिक चर्चों और कैथोलिक ईसाइयों की जड़ें यहीं से हैं। दुनिया भर के कैथोलिक चर्च और उसके पादरियों और प्रमुख धार्मिक नेताओं को यहीं से नियंत्रित किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि वेटिकन सिटी में अस्पताल न खोलने का निर्णय इसके छोटे आकार और आसपास के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाओं की निकटता के कारण लिया गया है। वेटिकन सिटी का क्षेत्रफल मात्र 118 एकड़ है।

सभी रोगियों को इलाज के लिए रोम के क्लीनिक और अस्पतालों में जाना होता है। यहां कोई भी बच्चे को जन्म नहीं दे सकता क्योंकि यहां कोई डिलीवरी रूम नहीं है। यहां प्राकृतिक प्रसव नहीं होता या होने दिया जाता है। जब यहां कोई महिला गर्भवती हो जाती है और डिलीवरी की डेट नजदीक आ जाती है तो यहां के नियमों के मुताबिक उसे बच्चे को जन्म देने तक यहां से चले जाना पड़ता है। यह नियम बहुत सख्त है। वेटिकन सिटी में 95 साल में एक भी बच्चा पैदा नहीं हुआ। इस देश के अस्तित्व में आने के बाद से यहां कोई अस्पताल नहीं बना। अस्पताल बनाने के लिए कई बार अनुरोध किया गया लेकिन हर बार इसे अस्वीकार कर दिया गया। यहां अगर कोई गंभीर रूप से बीमार है या कोई महिला गर्भवती है तो उसे रोम के अस्पताल में भेज दिया जाता है या उसके देश भेजने की व्यवस्था की जाती है। इसके कानूनी कारण भी हैं।

## मौत से घिरे थे रईसी, ईरान ने मांगी मदद, पर नहीं दी, अब सफाई दे रहा है अमेरिका

वाशिंगटन। दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति अमेरिका से सभी देशों को सहयोग की उम्मीद होती है। लेकिन ये उम्मीद ईरान के लिए बेमानी साबित हुई है। जब ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी अजरबैजान के जंगलों में मौत से घिरे थे, तब ईरान ने अमेरिका से मदद की गुहार लगाई थी। मगर तब अमेरिका ने उनके हेलिकॉप्टर को खोजने से इनकार कर दिया था। हालांकि, अब अमेरिका ने केवल सफाई दे रहा है बल्कि मदद न देने के पीछे की वजह भी बता रहा है। अमेरिका ने कहा कि रईसी के हेलिकॉप्टर क्रैश के बाद ईरान की मदद कर पाने में वह लॉजिस्टिक्स कारणों (सैन्य कारण) की वजह से असमर्थ था। प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने रिपोर्टर्स से कहा, 'हमसे ईरानी सरकार ने सहायता मांगी थी। हमने उन्हें स्पष्ट कर दिया कि हम सहायता की पेशकश करेंगे, जैसा कि हम इस तरह की स्थिति में किसी विदेशी सरकार के अनुरोध के जवाब में करते हैं। मैं विस्तृत जानकारी नहीं दूंगा, मगर ईरानी सरकार ने हमसे सहायता मांगी थी। मगर हम सैन्य कारणों की वजह से ईरान की मदद कर पाने में असमर्थ थे।'

## 2025 में अंतरिक्ष में एक और विशाल विस्फोट की चेतावनी

### - सूर्य में होगा भयंकर विस्फोट!

वॉशिंगटन (एजेंसी)। वैज्ञानिकों ने 2025 में एक और विशाल विस्फोट की चेतावनी दी है। हार्वर्ड के एक खगोल भौतिकीविद् ने बताया कि सूर्य अभी अपने सोलर मैक्सिमम यानी सौर अधिकतम तक नहीं पहुंचा है। सूर्य का एक चक्र 11 वर्षों का होता है और सोलर मैक्सिमम इसका सबसे ऊर्जावान बिंदु है, जिसमें अधिक आशांति सूर्य से निकलने वाली ऊर्जा को बढ़ा देती है। सोलर मैक्सिमम अंततः अगले साल गर्मी की तपिश में जुलाई 2025 तक होने की उम्मीद है। डेलीमेल की रिपोर्ट के मुताबिक डॉ. जोनाथन मैकडॉवेल ने कहा, अगले एक या दो साल में हमें बहुत बड़े तूफान देखने को मिल सकते हैं। पिछले वीकेंड पर सौर तूफान के कारण (जी5) लेवल की भू-चुंबकीय स्थितियां देखी गई थीं। सौर तूफान सूर्य पर बने एक सनस्पॉट से निकला था। 1859 में कैरिंगटन घटना को जन्म देने वाले सन स्पॉट से भी यह बड़ा था। कैरिंगटन घटना के दौरान एक शक्तिशाली सौर तूफान पृथ्वी से टकराया था। इससे टेलीग्राफ के तारों में आग लग गई थी। दुनिया भर का संचार काट दिया और यहां तक कि जहांजों के कंपास भी बाधित हो गए थे। अंतरिक्ष मौसम एक्सपर्ट्स का मानना है कि जल्द ही आने वाले बड़े सौर तूफानों का सीधा और बुरा प्रभाव हो सकता है। डॉ. मैकवेल ने कहा, सैटेलाइट ऑपरेटरों के लिए निश्चित तौर पर यह एक डरावना समय है। जिस तरह सोलर मैक्सिमम है, उसी तरह सोलर न्यूनतम भी होता है। तब गतिविधि सूर्य में काफी कम होती है। साल 2019 के सौर न्यूनतम के दौरान सूर्य की सतह पर सनस्पॉट की संख्या प्रभावी रूप से शून्य थी। यूएस नेशनल स्पेस वेदर प्रेडिक्शन सेंटर का अनुमान है कि साल 2025 में आने वाले सोलर मैक्सिमम के दौरान सन स्पॉट की संख्या 115 हो सकती है। इन सन स्पॉट से सौर ज्वालाएं और प्लाज्मा के शक्तिशाली विस्फोट निकलते हैं, जिसे कोरोनल मास इजेक्शन कहा जाता है।

## इजरायली पीएम नेतन्याहू के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, जारी हो सकता है गिरफ्तारी वारंट

तेल अवीव (एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, हमास नेता याह्या सिनवार और मोहम्मद दीफ के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने की तैयारी में है। आईसीसी न्यायाधीशों का एक पैनल अब गिरफ्तारी वारंट के लिए करीम खान के आवेदन पर विचार करेगा। खान ने कहा कि सिनवार, हनियेह और अल-मसरी के खिलाफ आरोपों में हत्या, बंधक बनाना, बलात्कार और हिरासत में यौन उत्पीड़न शामिल हैं। खान ने सीएनएन को बताया, 7 अक्टूबर को दुनिया स्तब्ध रह गई जब लोगों को उनके बेडरूम से, उनके घरों से, इजरायल के विभिन्न किबुतजिम से निकाल लिया गया। उन्होंने कहा,लोगों को भारी नुकसान हुआ है।अदालत के मुख्य अभियोजक करीम खान ने बताया कि आईसीसी इजरायल पर 7 अक्टूबर के हमलों और उसके बाद गाजा में युद्ध के दौरान युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप में हमास नेता याह्या सिनवार और इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिए गिरफ्तारी वारंट की मांग कर रहा है।



खान ने बताया, नेतन्याहू और गैलेंट के खिलाफ आरोपों में विनाश करना, युद्ध के तरीके के रूप में भुखमरी पैदा करना, मानवीय राहत आपूर्ति से इनकार करना, जानबूझकर संघर्ष में नागरिकों को निशाना बनाना शामिल है। जब पिछले महीने रिपोर्टें सामने आईं कि आईसीसी मुख्य अभियोजक इस कार्रवाई पर विचार कर रहा है, तो नेतन्याहू ने कहा कि वरिष्ठ इजरायली सरकार और सैन्य अधिकारियों के खिलाफ कोई भी आईसीसी गिरफ्तारी वारंट ऐतिहासिक अनुपात का अपमान होगा और इजरायल के पास एक स्वतंत्र कानूनी प्रणाली है जो कानून के सभी उल्लंघनों की कठोरता से जांच करता है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक करीम खान ने कहा कि आईसीसी इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट के साथ-साथ हमास के दो अन्य शीर्ष नेताओं अल कासिम ब्रिगेड के नेता और मोहम्मद दीफ के नाम से कुख्यात मोहम्मद दियाब इब्राहिम अल-मसरी और हमास के राजनीतिक नेता इस्माइल हानिया के लिए भी वारंट मांग रही है। इजरायली राजनेताओं के खिलाफ वारंट पहली बार है जब आईसीसी ने संयुक्त राज्य अमेरिका के किसी करीबी सहयोगी के शीर्ष नेता को निशाना बनाया है। यह निर्णय नेतन्याहू को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की कैटेगरी में रखता है, जिनके लिए आईसीसी ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण पर गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।नेतन्याहू द्वारा की गई टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर खान ने कहा,कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर इजरायल आईसीसी से असहमत है, तो वे अधिकार क्षेत्र पर अपनी आपत्तियों के बावजूद, अदालत के न्यायाधीशों के सामने चुनौती उठाने के लिए स्वतंत्र हैं और मैं उन्हें ऐसा करने की सलाह देता हूं। इजरायल और संयुक्त राज्य अमेरिका आईसीसी के सदस्य नहीं हैं।

# खुलासा: रईसी के हेलिकॉप्टर क्रैश में खामेनेई के बेटे का हाथ?

तेहरान (एजेंसी)। ईरानी राष्ट्रपति रईसी रविवार को अजरबैजान प्रांत में एक डैम का उद्घाटन करने पहुंचे थे। यहां से वो तबरेज शहर जा रहे थे। इसी दौरान वर्जेकान शहर की पहाड़ियों में हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। माना जा रहा है कि खराब मौसम के कारण हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ होगा, लेकिन जिन हालातों में ये दुर्घटना हुई, उस पर सवाल भी उठ रहे हैं। कुछ हैं जो इसके पीछे इजरायल का हाथ होने का आरोप लगा रहे हैं। तो कुछ इसके पीछे सत्ता की लड़ाई भी मान रहे हैं। वो इसलिए क्योंकि रईसी की मौत ईरान में कुछ लोगों के लिए फायदे का सौदा भी मानी जा रही है।

जिस हेलिकॉप्टर क्रैश में इब्राहिम रईसी समेत 9 लोगों की मौत हो गई, उसके पीछे का हाथ बताया जा रहा है। कई ईरानी एक्टिविस्ट ने ये सवाल उठाया है। दरअसल, अयातुल्ला अली खामेनेई 85 साल के हो चुके हैं और कैंसर से जूझ रहे हैं। अब उनके वारिस की तलाश भी शुरू हो गई है। अब तक तो इब्राहिम रईसी को उनका उत्तराधिकारी माना जा रहा था। रईसी को ईरान की इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स भी पसंद करती थी। लेकिन रईसी के जाने के बाद अब खामेनेई के बेटे मोजतावा का रास्ता लगभग साफ हो गया है। ईरानी पत्रकार मसीह अलीनेजाद ने एक्स पर लिखा कि कई कंस्पिरेसी थ्योरीज में से एक ये भी है कि इस दुर्घटना में खामेनेई के बेटे का हाथ हो सकता है, ताकि वो अपने पिता की जगह लेने का रास्ता आसान कर सके।


### शुरू होगी सत्ता की लड़ाई!

रईसी की मौत के बाद अब ईरान में सत्ता की एक नई लड़ाई शुरू होने की संभावना भी जताई जा रही है। माना जा रहा है कि मोहम्मद बागेर गालीबाफ अगला राष्ट्रपति बन सकते हैं। उन्हें अच्छा-खासा समर्थन हासिल है। इतना ही नहीं, गालीबाफ के जो समर्थक हैं, वो मोजतावा को अगला सुप्रीम लीडर बनाने की वकालत भी करते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या गालीबाफ और मोजतावा के बीच कुछ ऐसा समझौता हो सकता है, जो दोनों की महत्वाकांक्षाओं को पूरा कर सके। गालीबाफ लंबे समय से ईरान के राष्ट्रपति बनना चाहते हैं, जबकि मोजतावा की ख्वाहिश सुप्रीम लीडर बनने की है।

अगर ऐसा होता है तो इतिहास एक बार फिर दोहराया जाएगा। 1989 में रुहोल्ला खामेनेई की मौत के बाद अयातुल्ला अली खामेनेई और मौलवी अकबर हाशमी रफसंजानी के बीच एक समझौता हुआ था। इससे अयातुल्ला खामेनेई सुप्रीम लीडर बने, जबकि हाशमी रफसंजानी को राष्ट्रपति की कुर्सी मिली. उसके बाद राष्ट्रपति को ज्यादा शक्तियां देने के लिए संविधान भी बदला गया। हालांकि, कुछ सालों बाद जब अयातुल्ला खामेनेई ज्यादा ताकतवर होते गए, तो उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों को रास्ते से हटाना शुरू कर दिया। 2017 में रफसंजानी की भी मौत हो गई। ईरान में एक तबका रफसंजानी की मौत को संदिग्ध मानता है।वैसे तो ईरान में सत्ता की असली लड़ाई खामेनेई की मौत के बाद शुरू होने की संभावना है। लेकिन रईसी की मौत को इस सत्ता संघर्ष का रिहर्सल माना जा रहा है।



# कोलकाता, हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर फाइनल में






अहमदाबाद। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले क्वालीफायर मुकाबले में मंगलवार को कोलकाता नाइट राइडर्स गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन और उसके बाद कप्तान श्रेयस अय्यर की (58) तथा वेंकटेश अय्यर (51) धुआंधार नाबाद अर्धशतकीय पारियों की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर फाइनल में पहुंच गई हैं।

160 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की रहमानउल्लाह गुरबाज और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 44 रन जोड़े। चौथे ओवर में टी नटराजन ने गुरबाज को आउट कर हैदराबाद को पहली सफलता दिलाई। गुरबाज ने 14 गेंदों में 23 रन बनाये। वहीं सुनील नारायण 16गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हुये। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 24 गेंदों में पांच चौके और चार छक्के लगाते हुये नाबाद (58) रनों की पारी खेली। वहीं वेंकटेश अय्यर ने 28 गेंदों में पांच चौके और चार छक्को की मदद से नाबाद (51) रन बनाये। कोलकाता नाइट राइडर्स ने 13.4 ओवर में दो विकेट पर 164 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। हैदराबाद की ओर से पैट कमिंस और टी नटराजन ने एक-एक विकेट लिया।

इससे पहले आज यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले दो ओवर में ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी के विकेट गवां दिये। मिचेल ने ट्रैविस को (शून्य) पर बोल्ड कर हैदराबाद को पहला झटका दिया और उसके बाद वैभव अरोड़ा ने अभिषेक (3) को पवेलियन भेज दिया। पांचवें ओवर में नितीश कुमार रेड्डी (9) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। इसके बाद राहुल त्रिपाठी और हाइनरिक क्लासन ने पारी को संभाला।

11वें ओवर में वरूण चकवर्ती ने हाइनरिक क्लासन को रिंकू के हाथों कैच आउट करा दिया। क्लासन ने 21 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (32) रन बनाये। शाहबाज अहमद (शून्य) सनवीर सिंह (शून्य) आया- गया की तर्ज पर पवेलियन लौट गये। 14वें ओवर में राहुल त्रिपाठी तालमेल की कमी के कारण रनआउट हुये।

राहुल त्रिपाठी ने 35 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए (55) रनों की पारी खेली। अब्दुल समद 12 गेंदों में (16) रन बनाकर आउट हुये।

कोलकाता के गेंदबाजों ने शुरु में बनाये दबाव को जारी रखा और हैदराबाद के बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया। 16वें ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने भुवनेश्वर कुमार (शून्य) पर पगबाधा आउट कर हैदराबाद को नौवां झटका दिया। कैप्तान पैट कमिंस ने दो चौके और दो छक्के लगाते हुये 24 गेंदों में 30 रनों की पारी खेलते हुये टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा। हैदराबाद की पूरी टीम 19.3 ओवर में 159 रन ही बना सकी।

कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से मिचेल स्टार्क ने तीन विकेट लिये। वरुण चक्रवर्ती को दो विकेट मिले। वैभव अरोड़ा, हर्षित राणा, आंद्रे रसल और सुनील नारायण ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# भारतीय जूनियर्स ने जीत के साथ किया यूरोप दौरे का आगाज



**कुआलालम्पुर (एजेंसी)।** एंटवर्प (बेल्जियम) - भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने दौरे के पहले मैच में बेल्जियम पर 2-2 (4-2) की जीत के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की। उप-कप्तान शारदानंद तिवारी तीसरे और 27वें मिनट में अपनी टीम के लिये गोल दागे। भारतीय टीम ने खेल की शुरुआत में ही उप कप्तान शारदानंद तिवारी (3') के पेनल्टी स्ट्रोक से बढ़त बना ली। उन्होंने पहले क्वार्टर में अपनी लय बरकरार रखी और ब्रेक तक अपनी बढ़त बरकरार रखी। दूसरे क्वार्टर में शारदानंद तिवारी (27') ने एक और पेनल्टी स्ट्रोक के साथ टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। हाफ का अंत मेहमान टीम 2-0 से आगे थी। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में बेल्जियम ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर गोल की कमी को एक तक कम कर दिया। क्वार्टर में कोई और गोल नहीं हुआ क्योंकि तीसरे क्वार्टर के अंत में स्कोर भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के पक्ष में 2-1 हो गया। अंतिम क्वार्टर में इंडियन कोल्ट्स के पास एक गोल की बढ़त थी, लेकिन बेल्जियम ने उन्हें ज्यादा राहत नहीं दी और उन पर दबाव बनाए रखा। खेल में कुछ ही मिनट बचे थे, बेल्जियम ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर बराबरी कर ली। चूंकि निर्धारित समय में कोई और गोल नहीं हुआ, इसलिए चौथा क्वार्टर 2-2 के स्कोर के साथ समाप्त हुआ और खेल शूटआउट में चला गया। गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने पेनल्टी शूट-आउट में भारतीय टीम के लिए गोल किए, जबकि गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने दो शानदार बचाव किए और पेनल्टी शूट-आउट 4-2 से जीतकर अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की। भारतीय जूनियर पुरुष टीम अपना अगला मैच 22 मई को नीदरलैंड के ब्रेडा में बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी।

# सीए ने फ्रेसर और शॉर्ट को टी20 विश्व कप के लिए रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर रखा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से शानदार प्रदर्शन करने वाले आक्रामक बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और मैथ्यू शॉर्ट को क्रिकेट ऑस्ट्रेलियाई (सीए) ने एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर शामिल किया है। मैकगुर्क ने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से कई अच्छी पारियां खेलीं थीं।

मैकगुर्क को टी20 विश्व कप टीम में 15 खिलाड़ियों में जगह नहीं मिली है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के पास पहले से ही शीर्ष तीन स्थानों के लिए डेविड वॉर्नर, ट्रेविस हेड और कप्तान मिचेल मार्श जैसे बल्लेबाज हैं। ऑलराउंडर शॉर्ट ने ऑस्ट्रेलिया के लिए पिछले 14 में से नौ टी20 मैच खेले हैं। इनमें से पांच में उन्होंने पारी की अच्छी शुरुआत करते हुए जमकर रन बनाये हैं। शॉर्ट ने पिछले दो सत्र में बिग बैश लीग भी खेली है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, 'ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने पहले कहा था कि विश्व कप में एक रिजर्व साथ लेकर जायेंगे पर अब वे शॉर्ट के साथ फ्रेसर मैकगुर्क को भी ले जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम गुरुवार को विश्वकप के लिए वेस्टइंडीज रवाना होगी। उसे त्रिनिदाद में 28 और 30 मई को नामीबिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अभ्यास मैच खेलने हैं।

# टी20 विश्वकप के कुछ मुकाबलों में गेंदबाज भी रहे हैं हावी

## -पहले सत्र में केन्याई टीम के 6 बल्लेबाज शून्य पर हुए थे आउट



**मुंबई (एजेंसी)।** टी20 विश्वकप क्रिकेट अगले माह एक जून से शुरु होने जा रहा है। ऐसे में क्रिकेट प्रशंसकों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। टी20 प्रारुप में वैसे तो बल्लेबाज हावी रहते हैं और जमकर चौके, छक्के लगते हैं। इसी कारण आजकल इस प्रारुप में 200 से 250 से अधिक रन बनते हुए भी दिखते हैं। वहीं कई बार ये भी देखने में आया है कि गेंदबाज भी मुकाबले में हावी रहे हैं। टी20 विश्वकप की बात करें तो अब तक के 8 सत्र में दो बार कोई टीम 50 से कम के स्?कोर पर आउट हो हुई है। मजे की बात यह है कि दोनों ही बार नीदरलैंड की टीम के साथ ऐसा हुआ है और दोनों ही बार श्रीलंका के खिलाफ मैच में वह पचास रन भी नहीं बना पायी।

2014 के टी20 विश्वकप में चिटगांव के मैच में नीदरलैंड की टीम 10.3 ओवर में 39 और 2021 के शारजाह के मैच में 10 ओवर में 44 रनों पर आउट हुई थी। दोनों ही मैचों में श्रीलंका टीम ने 10 ओवर से पहले ही लक्ष्य हासिल कर लिया था। वहीं दक्षिण अफ्रीका में 2007 के पहले टी20 विश्वकप में केन्या और न्यूजीलैंड के मैच में केन्याई टीम के 6 बल्लेबाज खाता तक नहीं खोल पाये थे। इसमें शीर्ष के 4 बल्लेबाज भी शामिल थे। इस मैच में एक समय तीन विकेट गिरने के बाद भी टीम एक भी रन नहीं बना पायी थी।

12 सितंबर 2007 में डरबन में हुए इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए केन्या के विकेट गिरने का सिलसिला शुरू हो गया था। छह बल्लेबाजों के शून्य पर आउट होने के बाद कोलिंस ओबुया, थॉमस ओबुयो, जिमी कामाडे और राजेश बुधिया ही दो अंकों तक पहुंच पाये। इस प्रकार पूरी केन्याई टीम 16.5 ओवर में 73 रनों पर ही सिमट गयी थी। न्यूजीलैंड टीम की ओर से मार्क गिलेस्पी ने सबसे अधिक 4 विकेट लिए थे जबकि शेन बॉन्ड, किस मार्टिन व कप्तान डेनियल वेटोरी ने दो-दो विकेट लिए थे। इसके बाद न्यूजीलैंड ने 74 रन का लक्ष्य केवल 7.4 ओवर में ही एक विकेट पर हासिल कर लिया था। टी20 विश्वकप 2024 में इस बार 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं जिसमें 12 आईसीसी की फुल मेंबर टीम हैं और 8 एसोसिएट मेंबर टीम। ऐसे में दिग्गज टीमों और नई टीमों के मुकाबले में जमकर रिकॉर्ड्स बन सकते हैं। टी20 विश्वकप के केन्या-न्यूजीलैंड मैच की एक पारी में छह बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाये थे। एक टी20 मैच में एक पारी में 8 बल्लेबाज शून्य पर ही पेवेलियन लौट गये थे। मैच में दोनों पारियों में मिलाकर 9 बल्लेबाज 0 पर आउट हुए थे। 2019 के कॉन्टिनेंटल कप के मैच में चेक रिपब्लिक के खिलाफ तुर्की के 8 बल्लेबाज शून्य पर ही आउट हो गये थे।

# दिल्ली की अदालत ने यौन उत्पीड़न मामले में बृज भूषण के खिलाफ आरोप तय किए

नई दिल्ली - दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों द्वारा दायर एक आपराधिक मामले में यौन उत्पीड़न, धमकी और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप तय किए।



बृज भूषण ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत के समक्ष खुद को निर्दोष बताया और सुनवाई की मांग की। बृज भूषण ने कहा, 'जब मैं दोषी नहीं हूं तो मैं दोष स्वीकार क्यों करूंगा?' अदालत ने मामले में सह आरोपी और डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर के खिलाफ भी आपराधिक धमकी का आरोप तय किया। उत्तर प्रदेश के कैसरगंज से भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा सांसद बृज भूषण को उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं दिया गया था। पार्टी ने इस सीट से उनके बेटे करण भूषण सिंह को मैदान में उतारा है।

# रैना को टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

रायपुर। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना को उम्मीद है कि भारतीय टीम एक जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करेगी। रैना के अनुसार भारतीय टीम को सफल होने के लिए हालात के अनुसार ढ़लने के साथ ही ड्रॉप-इन पिचों पर खेलने के लिए भी मानसिक तौर पर तैयार रहना होगा। ड्रॉप-इन को पिचे होती हैं जो किसी अन्य स्थान पर तैयार करने के बाद जिस भी मैदान पर मैच हो रहा हो बिछायी जा सकती हैं। यहां एक कार्यक्रम में पहुंचे रैना ने कहा कि भारतीय टीम संतुलित है। उसके पास रोहित शर्मा जैसा बेहतरीन कप्तान हैं। विराट कोहली पिछले कुछ समय से लगातार अच्छे फार्म में हैं। इसके अलावा आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव भी जमकर रन बना रहे हैं। टीम में दो बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जा रहे हैं, जो पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी कर सकते हैं। वहीं भारतीय टीम के उप-कप्तान हार्दिक पंड्या के आईपीएल में खराब फॉर्म पर रैना ने कहा कि उन्होंने भारत के लिए कई बार अच्छा अच्छा प्रदर्शन किया है। अस्थाई खराब फॉर्म से वह खराब खिलाड़ी नहीं बन जाते हैं। जब वह विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे तो सभी इस बात को समझ जायेंगे। पंड्या के आईपीएल में खराब प्रदर्शन से उनके फार्म पर कई पूर्व क्रिकेटरों और प्रशंसकों ने सवाल उठाये हैं। उनकी कप्तानी में मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा और वह अंक तालिका में अंतिम स्थान पर रही। 14 मैचों में, पंड्या 18.00 के औसत और 143.04 की स्ट्राइक रेट से केवल 216 रन ही बना पाये। इसके अलावा वह गेंदबाजी के दौरान भी 11 विकेट ही ले पाये थे।



# एक समय निराश होकर खेल छोड़ने जा रहे थे स्वप्निल

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से इस आईपीएल सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बाएं हाथ के स्पिनर स्वप्निल सिंह एक समय खेल छोड़ने जा रहे थे। स्वप्निल पर आईपीएल की पिछली नीलामी के शुरुआती दौर में बोली नहीं लगी थी जिससे वह निराश हो गये थे। इस बार आरसीबी ने उन्हें अपनी टीम में शामिल कर खेलने का अवसर दिया जिसका स्वप्निल ने पूरा लाभ उठाया।

वह गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी में भी बेहतर प्रदर्शन करते हैं। अपने 18 साल के घरेलू क्रिकेट करियर में उन्होंने बड़ौदा और उत्तराखंड की टीमों की ओर से खेला है। आईपीएल में उन्होंने आरसीबी से पहले किंग्स इलेवन पंजाब और लखनऊ सुपरजायंट्स की ओर से खेला था।

स्वप्निल ने कहा, 'आईपीएल नीलामी के दिन मैं एक मैच के लिए धर्मशाला जा रहा था। जब मैं वहां पहुंचा तब शाम के सात-आठ बज रहे थे। तब तक कुछ नहीं हुआ था और नीलामी का अंतिम दौर चल रहा था, मुझे लगा कि मेरे लिए अवसर समाप्त हो गये हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने सोचा था कि मैं घरेलू सत्र में खेलूंगा और अगर जरूरत पड़ी तो अगला सत्र खेलने के बाद खेल को अलविदा कह दूंगा। इसका कारण है कि मैं पूरी जिंदगी नहीं खेलना चाहता था।। स्वप्निल ने कहा, 'जीवन में अच्छा करने के लिए अन्य चीजें भी मैंने देखी थी।

प्रथम श्रेणी क्रिकेट में साल 2006 में पदार्पण करने वाले 33 साल के स्वप्निल को आरसीबी ने 20 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा था।स्वप्निल ने कहा कि आरसीबी के लिए चुना जाना उनके पूरे परिवार के लिए बेहद खुशी का अवसर था।



# ब्रैंडन किंग की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में उतरेगी वेस्टइंडीज



**किंग्स्टन (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज की टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली घरेलू टी20 सीरीज में ब्रैंडन किंग की कप्तानी में उतरेगी। वेस्टइंडीज ने इस सीरीज के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। ब्रैंडन को इसलिए कप्तान बनाया गया है क्योंकि टीम के स्थायी कप्तान रोवमैन पॉवेल अभी आईपीएल खेल रहे हैं। विंडीज बोर्ड के अनुसार टीम जमैका में 23-26 मई तक होने वाली 3 मैचों की सीरीज से आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारी करेगी। इसमें कई बड़े दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी भी उतरेंगे।

टीम के अनुभवी खिलाड़ी शाई होप और निकोलस पूरन अभी आईपीएल में व्यस्त हैं, इसलिए उन्हें टी20 विश्वकप से पहले आराम देने के लिए इस सीरीज में शामिल नहीं किया गया है। पूरन 27 मई को त्रिनिदाद में विश्व कप टीम में शामिल होंगे। वहीं अल्जारी जोसेफ और शेरफेन रदरफोर्ड की टीमें भी आईपीएल प्लेऑफ में शामिल हैं। इसलिए उन्हें भी टीम में जगह नहीं दी गयी है।

मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज में शामिल खिलाड़ियों के पास अपने प्रदर्शन के आधार पर 2 जून को पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच के लिए टीम में जगह बनाने का अवसर है।

### टीम इस प्रकार है

ब्रैंडन किंग (कप्तान), रोस्टन चेज, फैबियन एलन, एलिक अथानाज, जॉनसन चार्ल्स, आंद्रे फ्लेचर, मैथ्यू फोर्ड, जेसन होल्डर, अकील होसेन, शमर जोसेफ, काइल मेयर्स, ओबेद मैककॉय, गुडाकेश मोटी, रोमारियो शेफर्ड, हेडन वॉल्श जूनियर।

# मैगनस कार्लसन नें जीता कासाब्लांका शतरंज का खिताब, विश्वनाथन आनंद को तीसरा स्थान




कासाब्लांका, मोरक्को। विश्व शतरंज संघ के 100 साल होने के उपलक्ष्य में खेले गए कासाब्लांका शतरंज का खिताब नॉर्वे के पाँच बार के विश्व चैम्पियन मैगनस कार्लसन नें जीत लिया। कार्लसन नें दूसरे और अंतिम दिन खेले गए तीन मुकाबलों में एक जीत दर्ज की और दो ड्रॉ खेलते हुए कुल छह राउंड में 4.5 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया। आखिरी दिन सबसे पहले चौथे राउंड में कार्लसन का सामना काले मोहरो से पाँच बार के विश्व चैम्पियन भारत के विश्वनाथन आनंद के साथ हुआ, सफ़ेद मोहरो से आनंद को पहले राउंड में पराजित करने वाले कार्लसन इस बार मैच में ड्रॉ का परिणाम हासिल कर पाये, हालांकि पांचवें राउंड में कार्लसन नें मिश्र के अमीन बासेम को पराजित किया और अंतिम राउंड में यूएसए के हिकारु नाकामुरा से ड्रॉ खेलते हुए खिताब हासिल कर लिया। नाकामुरा नें आनंद से ड्रॉ खेला जबकि अमीन को पराजित करते हुए 3.5 अंको के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं पहले दिन सिर्फ 1 अंक बनाने वाले आनंद नें दूसरे दिन कर्सलन से और नाकामुरा से ड्रॉ खेला और अमीन को पराजित करते हुए अपने स्कोर में 2 अंक जोड़े और 3 अंक बनाकर तीसरे स्थान पर रहे जबकि दूसरे दिन सारे मैच हारकर अमीन 1 अंक बनाकर अंतिम स्थान पर रहे।

# फिटनेस और फॉर्म को लेकर संशय के बीच अभ्यास के लिए रोलां गैरो पहुंचे राफेल नडाल



पेरिस - रिकॉर्ड 14 बार के फ्रेंच ओपन चैम्पियन राफेल नडाल तैयारी के लिए रोलां गैरो लौटे हैं हालांकि उनके फॉर्म और फिटनेस को लेकर संशय की स्थिति है। 37 वर्ष के नडाल अपने कोच कार्लोस मोया और दो अभ्यास जोड़ीदारों के साथ यहां पहुंचे। फ्रेंच ओपन के मुख्य स्टेडियम पर अभ्यास देखने के लिए करीब 6000 दर्शक मौजूद थे। करीब डेढ घंटे तक चले अभ्यास सत्र के बाद नडाल ने प्रशंसकों को आटोग्राफ दिए और लॉकर रूम में चले गए। फ्रेंच ओपन रविवार से शुरू हो रहा है। नडाल कूल्हे की चोट के कारण 2023 में लगभग पूरे सत्र से बाहर रहे। वह हाल ही में इटालियन ओपन के दूसरे दौर में हुबर्ट हुरकाज से हार गए थे। अभी उन्होंने बताया नहीं है कि वह फ्रेंच ओपन खेलेंगे या नहीं।

# 'मैं बहुत खुश होऊंगा', हरभजन सिंह ने भारतीय क्रिकेट टीम का कोच बनने की इच्छा जताई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भविष्य में टीम इंडिया के लिए कोचिंग की भूमिका निभाने की संभावना का संकेत देते हुए पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि अगर उन्हें मौका मिले तो वह उस खेल को कुछ वापस देना चाहेंगे जिसने उन्हें इतना शानदार करियर दिया है। उन्होंने कहा कि मेन इन ब्लू को कोचिंग देना टीम प्रबंधन के बारे में है।

हरभजन का यह बयान भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा पुरुष राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करने के एक सप्ताह बाद आया है जिसका कार्यकाल इस साल 1 जुलाई से शुरू होगा और 31 दिसंबर, 2027 को समाप्त होगा जिस साल अगला 50 ओवर का क्रिकेट विश्व कप होगा।

भारतीय टीम की कोचिंग के बारे में बात करते हुए हरभजन ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि मैं आवेदन करूंगा या नहीं। भारत को कोचिंग देना मैन मैनेजमेंट के बारे में है, खिलाड़ियों को गाड़ी चलाना और खींचना सिखाने के बारे में नहीं। वे इसे बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। आप उन्हें कुछ मार्गदर्शन दे सकते हैं। क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है और अगर मुझे इसे वापस देने का मौका मिलता है, तो मैं बहुत खुश होऊंगा।'

पिछले साल नवंबर में भारत के फाइनल में पहुंचने के बाद घर पर आईसीसी क्रिकेट विश्व कप नहीं जीत पाने के बाद वर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को जून तक का विस्तार दिया गया था, जो कि वेस्टइंडीज और यूएसए में आईसीसी टी20 विश्व कप का आयोजन भी है। आवेदन की अंतिम तिथि 27 मई शाम 6 बजे तक होगी। बीसीसीआई के एक बयान में कहा गया, 'बीसीसीआई ने सोमवार को सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन खोले हैं। इस पद के लिए आवेदन 27 मई, 2024 को शाम 6 बजे तक जमा किए जाने चाहिए।'

चयन प्रक्रिया में आवेदनों की गहन समीक्षा, उसके बाद व्यक्तिगत साक्षात्कार और शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों का मूल्यांकन शामिल होगा। बीसीसीआई ने संभावित मुख्य कोच के लिए योग्यताएं इस प्रकार रखी हैं- 'कम से कम 30 टेस्ट मैच या 50 वनडे खेले हों या कम से कम 2 साल के लिए पूर्ण सदस्य टेस्ट खेलने वाले देश का मुख्य कोच हो, या कम से कम 3 साल के लिए एसोसिएट सदस्य/इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम या समकक्ष अंतरराष्ट्रीय लीग/प्रथम श्रेणी की टीमों/राष्ट्रीय ए टीमों का मुख्य कोच हो, या बीसीसीआई लेवल 3 प्रमाणन या समकक्ष हो और 60 वर्ष से कम आयु का हो।'

भारत को इस साल टी20 विश्व कप के ग्रुप ए में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और सह-मेजबान यूएसए के साथ रखा गया है। भारत अपना टी20 विश्व कप अभियान 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क में शुरू करेगा। इसके बाद 9 जून को उसी स्थान पर पाकिस्तान के खिलाफ मुख्य मुकाबला होगा। भारत इसके बाद 12 और 15 जून को क्रमशः यूएसए और कनाडा से खेलेगा।

**भारतीय टीम** - रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज रिजर्व-शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और अवेश खान।



संक्षिप्त समाचार

## हेल्थ इंश्योरेंस लेते समय खुद भरें प्रपोजल फॉर्म वरना क्लेम होगा खारिज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गंभीर बीमारियों के इलाज या इमरजेंसी के खर्चों की भरपाई के लिए लोग हेल्थ इंश्योरेंस लेते हैं, लेकिन कई बार कंपनियां बीमा क्लेम को खारिज कर देती हैं। इसका कारण होता है कि बहुत से लोग बीमा खरीदते समय पहले से मौजूद अपनी बीमारी का खुलासा नहीं करते हैं। इसके लिए प्रपोजल फॉर्म भरना जरूरी होता है। यदि बीमाधारक इसके चूक जाता है तो उसका क्लेम इंश्योरेंस कंपनी खारिज कर सकती है। इसलिए बीमा लेते समय इस फॉर्म को अनिवार्य रूप से भरना चाहिए। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने हाल ही में स्वास्थ्य बीमा से जुड़े नियमों में अहम बदलाव किए हैं। इसके तहत पहले से मौजूद बीमारी यानी पीईडी को कवर करने की समय अवधि को घटा दिया गया है। इसका सीधा फायदा स्वास्थ्य बीमा लेने वाले उपभोक्ताओम को होगा। अभी तक पॉलिसी के लिए आवेदन करने से चार साल पहले तक की बीमारी को पहले से मौजूद बीमारी माना जाता था। अब इस अवधि को घटाकर तीन साल कर दिया गया है। यानीइ अब पॉलिसी खरीदने से तीन साल से पहले तक की बीमारी पीईडी की श्रेणी में आएंगी लेकिन इसका फायदा तभी मिलेगा जब बीमाधारक ने इंश्योरेंस लेते वक्त प्रपोजल फॉर्म भरा हो। जब भी कोई व्यक्ति स्वास्थ्य बीमा खरीदता है तो बीमा कंपनी एक प्रपोजल फॉर्म भरवाती है। इसमें आवेदक की जीवनशैली से जुड़े तमाम तरह के सवाल पूछे जाते हैं। साथ ही ऐसी कोई बीमारी जिससे आवेदक पीड़ित है, उसका पूरा विवरण मांगा जाता है। इरडा के नियमों के तहत स्वास्थ्य बीमा खरीदने से 36 महीने पहले तक की बीमारियां और चोटें पीईडी की श्रेणी में आएंगी। हाई ब्लड प्रेशर, अस्थमा, थायरायड और डायबिटीज जैसी बीमारियां पीईडी में शुमार होती हैं।

## चीन ने बोइंग डिफेंस समेत तीन अमेरिकी कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने बोइंग डिफेंस समेत तीन अमेरिकी कंपनियों से आयात और निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। मंत्रालय ने जनरल एटॉमिक्स एयरोनॉटिकल सिस्टम्स को अपनी अविश्वसनीय संस्थाओं की सूची में डाल दिया और कहा कि उसने ताइवान को हथियार बेचे। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने जनरल डायनेमिक्स लैंड सिस्टम्स के साथ-साथ बोइंग डिफेंस, स्पेस एंड सिक्योरिटी पर भी प्रतिबंध लगाए गए। ये कंपनियां चीन में नया निवेश नहीं कर पाएंगी। कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों को अब चीन में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। उनके वर्क परमिट को उनके आगंतुक और आवासीय स्थिति के साथ रद्द कर दिया जाएगा। मंत्रालय ने घोषणा की कि उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए संबंधित आवेदनों को भी मंजूरी नहीं दी जाएगी। चीन ने यह कदम बाइडन प्रशासन द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बैटरी, कंप्यूटर चिप्स और चिकित्सा उत्पादों सहित कई चीनी वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाने के बाद उठाया है।

# 3 महीने में चांदी 92000 रुपये तक पहुंच सकती है, रेस में पिछड़ गया सोना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस साल अब तक चांदी की कीमतों ने सोने को काफी पीछे छोड़ दिया है। घरेलू स्पॉट मार्केट में साल-दर-साल आधार पर चांदी ने लगभग 18 प्रतिशत की बढ़त हासिल की है और 86,000 प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही है। वहीं, अगर सोने की बात करें तो इस साल अब तक सोने की हाजिर कीमतों में लगभग 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और यह 73,000 प्रति 10 ग्राम के करीब है।

लोकसभा चुनाव के कारण 20 मई को सुबह के सत्र के लिए एमसीएक्स पर कारोबार बंद है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमतें आधा प्रतिशत से अधिक बढ़कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं, जबकि चांदी की कीमतें एक प्रतिशत से अधिक उछल गई हैं।



### क्यों बढ़ रहीं कीमतें

बढ़ती औद्योगिक मांग की वजह से चांदी की डिमांड बढ़ी है। चांदी का इस्तेमाल सौर पैनलों और इलेक्ट्रिक वाहनों सहित कई उद्योगों में किया जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार वैश्विक स्तर पर उत्पादित चांदी का लगभग 50 प्रतिशत औद्योगिक क्षेत्रों में उपयोग किया जाता है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज में कमोडिटी रिसर्च की प्रमुख वंदना भारती ने कहा, चांदी की वैश्विक मांग 2024 में 1.2 बिलियन औंस तक पहुंचने की उम्मीद है, जो संभवतः अब तक का दूसरा सबसे ऊंचा स्तर है।

भारती ने बताया, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, सौर पीवी विनिर्माण में वैश्विक निवेश पिछले साल दोगुना से अधिक होकर लगभग 80 बिलियन डॉलर हो गया है। चीन में सौर पीवी पैनल निर्माताओं की चांदी की मांग 2030 तक लगभग 170 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है, जो लगभग 273 मिलियन औंस या कुल चांदी की मांग का लगभग पांचवां हिस्सा तक पहुंच जाएगी। दूसरा कारण सोने की रिकॉर्ड ऊंची कीमतों के कारण चांदी के आभूषणों की मांग में भी सुधार है। सिल्वर इंस्टीट्यूट के अनुसार, भारत की अगुवाई में चांदी के आभूषणों की वैश्विक मांग 6 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है।

### सोना खरीदें या चांदी

भारती के मुताबिक, लगातार बढ़ती औद्योगिक मांग के कारण आने वाले वर्षों में चांदी का प्रदर्शन सोने से बेहतर रहने की संभावना है। यदि फेड 2024 में ब्याज दरों में कटौती करना शुरू करता है, तो इससे चांदी की कीमतों को अतिरिक्त बढ़त मिलेगी। हालांकि, सोने और चांदी में निवेश निवेशकों की जोखिम क्षमता के अनुरूप होना चाहिए। कोटक सिक्योरिटीज में कमोडिटी रिसर्च के वरिष्ठ प्रबंधक कायनात चैनवाला ने बताया कि 2024 में चांदी सोने से आगे निकलने के बावजूद चांदी अभी भी अपेक्षाकृत सस्ती है। सोने-चांदी का अनुपात वर्तमान में 80.3 पर है, जबकि 20 साल का औसत 68.3 है। विशेषज्ञों को उम्मीद है कि चांदी अगले तीन महीनों में 92,000 का आंकड़ा छू सकती है। चेनवाला चांदी की कीमतों को लेकर उत्साहित हैं उन्होंने कहा, अगले तीन महीनों में चांदी 92,000 की ओर बढ़ने वाली है, जिसमें 78,000 महत्वपूर्ण सपोर्ट लेवल है। जबकि, भारती ने कहा, एमसीएक्स पर, चांदी 28 डॉलर के करीब सपोर्ट लेवल के साथ 90,000-92,000 के स्तर तक पहुंच सकती है।

## रुशिल डेकोर लिमिटेड ने दक्षिण अमेरिकी बाजार में विस्तार के साथ वैश्विक उपस्थिति को मजबूत किया

RUSHIL DECOR LIMITED

**अहमदाबाद, एजेंसी।** रुशिल डेकोर लिमिटेड (बीएसईः 533470, एनएसईः रुशिल), पर्यावरण-अनुकूल एमडीएफ, लैमिनेट्स और प्लाइवुड के निर्माण में एक प्रमुख नाम, दक्षिण अमेरिका में अपने रणनीतिक विस्तार की घोषणा करते हैं पहले से ही 50 से अधिक देशों में निर्यात के साथ, रुशिल डेकोर वैश्विक स्तर पर एमडीएफ के सबसे बड़े बाजारों में से एक में प्रवेश करने के लिए तैयार है। इंटरज़म बोगोटा की पूर्व संध्या पर, रुशिल डेकोर के कार्यकारी निदेशक, श्री रुशिल ठक्कर ने अरबों डॉलर के वैश्विक लकड़ी पैनल बाजार के साथ बढ़ने के बारे में आशा और विश्वास व्यक्त किया। इंटरज़म बोगोटा फर्नीचर और लकड़ी प्रौद्योगिकी के लिए एक अंतरराष्ट्रीय उद्योग मेला है, जो 14 से 17 मई के बीच कोलंबिया, दक्षिण अमेरिका में आयोजित किया जा रहा है। भारत में एमडीएफ विनिर्माण में अग्रणी के रूप में, रुशिल डेकोर दक्षिण अमेरिका में उच्च मांग को पूरा करने के लिए भली प्रकार सज्ज है। कंपनी ने हाल ही में जनवरी से मार्च 2024 तिमाही में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 9त्न की वृद्धि दर्ज की है। वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में निर्यात राजस्व ने कुल राजस्व में 28त्न का योगदान दिया, जो कंपनी के महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय पदचिह्न को उजागर करता है। प्रिसिजन रिपोर्ट्स के अनुसार, वैश्विक एमडीएफ बाजार का मूल्य 2024 में 24,942.77 मिलियन अमेरिकी डॉलर था और 2027 तक 29,965.13 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।
वैश्विक लेमिनेट बाज़ार के 2030 तक 11.98 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जो रुशिल डेकोर के लिए उल्लेखनीय विकास का अवसर पेश करेगा। कंपनी अपने आगामी ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट के माध्यम से इस आकर्षक बाजार का लाभ उठाने के लिए रणनीतिक रूप से खुद को तैयार कर रही है, जिसे लैमिनेट्स की बढ़ती निर्यात मांग को पूरा करने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है। एमडीएफ द्वारा प्रस्तुत जीवंत निर्यात अवसर को देखते हुए, हम अपनी उत्पाद श्रृंखलाओं में प्रभावी तालमेल बनाते हुए दक्षिण अमेरिकी क्षेत्रों में भी एमडीएफ उत्पादों का निर्यात करेंगे। लैमिनेट्स और एमडीएफ दोनों में अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठाकर, कंपनी इस क्षेत्र में बढ़ती मांग से लाभ उठाने, हमारी राजस्व क्षमता को प्रभावी ढंग से बढ़ाने और हमारे वैश्विक पदचिह्न को और मजबूत करने के लिए भली प्रकार सुसज्जित है। रुशिल डेकोर लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक, श्री रुशिल ठक्कर ने कहा, दक्षिण अमेरिका में विस्तार रुशिल डेकोर के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह कदम दक्षिण अमेरिकी ग्राहक की बढ़ती जरूरतों को पूरा करते हुए नए क्षेत्रों में टिकाऊ और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करने के हमारे समर्पण को रेखांकित करता है। इंटरज़म बोगोटा का 2024 संस्करण सर्कुलर इकोनॉमी, स्थिरता, नवाचार और प्रौद्योगिकी पर केंद्रित है और रुशिल डेकोर में हम हर दिन इन सभी मूल्यों का दृढ़ता से समर्थन करते हैं।

## देश के विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर खुशखबरी, 2.56 अरब डॉलर की हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस समय विदेशी मुद्रा भंडार के मोर्चे पर भारत को खुशखबरी मिल रही है। बीते 10 मई को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.561 अरब डॉलर की शानदार बढ़ोतरी हुई। अब अपना भंडार 644.15 अरब डॉलर का हो गया है।



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि 10 मई को समाप्त सप्ताह में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में काफी बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान भंडार 2.561 अरब डॉलर से बढ़कर 644.151 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इससे पिछले सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.67 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर रहा था। इसके पहले लगातार तीन सप्ताह इसमें गिरावट आई थी। पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का मुद्रा भंडार 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। वहीं, केंद्रीय बैंक के साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान विदेशी पूंजी भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा भंडार 1.488 अरब डॉलर से बढ़कर 565.648 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 10 मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा भंडार 1.49 अरब डॉलर बढ़कर 565.65 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.07 अरब डॉलर बढ़कर 55.95 अरब डॉलर हो गया।

## ईकोलिंक ने शक्तिशाली पंखे लॉन्च किए जो बेहतर परफॉर्मेंस और एनर्जी एफिशियंसी प्रदान करेंगे

**मुंबई, एजेंसी।** लाईटिंग में ग्लोबल लीडर, सिग्निफाई ने गर्मियों में ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिए आज अपने अत्याधुनिक एनर्जी-एफिशियंट पंखों का लॉन्च करने की घोषणा की। इन इनोवेटिव पंखों में बेहतर परफॉर्मेंस के साथ आधुनिक टेक्नोलॉजी है, जो ग्राहकों को किसी भी जगह पर ताजा हवा प्रदान करती है। इन पंखों के पाँच नए इनोवेटिव मॉडलों - एयरोज्योमेट्री, एयरोज्वेल, एयरोजेफिर, एयरोसेरेनेड, और एयरोस्लीक का मूल्य 3000 रुपये से 5000 रुपये के बीच है। ये सभी पंखे बेहतर हवा फेंकने, प्रभावशाली परफॉर्मेंस देने और बिजली में भारी बचत करने के लिए डिज़ाईन किए गए हैं।




सुमित जोशी, सीईओ, सिग्निफाई, ग्रेटर इंडिया ने कहा भारत में ग्राहकों को एनर्जी एफिशियंट समाधान प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप हम अपने पॉवर-पैक्ड ईकोलिंग पंखों की नई श्रृंखला पेश करने के लिए उत्साहित हैं। सिग्निफाई में हम ऐसे उत्पाद बनाने में यकीन रखते हैं, जो केवल ग्राहकों की जरूरत को पूरा ही न करें, बल्कि उनकी अपेक्षाओं से बढ़कर काम करें। हम अपने लेटेस्ट एनर्जी एफिशियंट फैंस की नई श्रृंखला पेश करके उत्साहित हैं, जो इनोवेशन और डिज़ाईन के मामले में एक बड़ी पहल हैं। हमने अनुसंधान की मदद से ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास किया है, और ऐसे पंखे बनाए हैं, जो अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ बेहतर परफॉर्मेंस और बिजली की बचत प्रदान करें। एयरोज्योमेट्री और एयरोज्वेल जैसे मॉडलों के साथ हमने अद्वितीय डिज़ाईन और फीचर्स, जैसे एलईडी स्पीड इंडीकेटर, बीएलडीसी टेक्नोलॉजी और इन्वर्टर कंपैटिबिलिटी पेश की है, ताकि यूज़र्स को बेहतरीन अनुभव प्राप्त हो सके। हमें विश्वास है कि यह अत्याधुनिक उत्पाद श्रृंखला आधुनिक कूलिंग समाधानों का स्तर बढ़ा देगी।'' सी अरुण कुमार, हेड, कंज़्यूमर बिज़नेस, सिग्निफाई ग्रेटर इंडिया ने कहा हमने अपने नए ईकोलिंक पंखे कम से कम बिजली में चलने के लिए बनाए हैं, ताकि वो बिजली की बचत करें और बिजली का खर्च कम हो। ये पंखें ग्राहकों के लिए अपनी तरह की अलग व्यवहारिक पेशकश हैं, और उन्हें बेहतरीन विशेषताओं के साथ शानदार कूलिंग और ईको-फ्रेंडली एवं बचत करने वाला समाधान प्रदान करते हैं। हमें विश्वास है कि हमारे ग्राहक इस इनोवेशन को पसंद करेंगे, जिसकी मदद से इन पंखों का निर्माण किया गया है। ये पंखे भारत में एनर्जी-एफिशियंट पंखों के मानक बदल देंगे। ये अद्वितीय डिज़ाईन के पंखे आधुनिक टेक्नोलॉजी पर चलते हैं, जिससे कम बिजली की खपत के साथ ज्यादा एनर्जी एफिशियंसी मिलती है। अपने एल्युमीनियम ब्लेड और कॉपर वाईंडिंग हैवी ड्यूटी मोटर के साथ ये पंखे टिकाऊपन और उच्च परफॉर्मेंस की गारंटी देते हैं।

## ट्रूटॉक्स दुनिया भर के उपयोगकर्ताओं के बीच संपर्क स्थापित करने का प्लैटफॉर्म

### ट्रूटॉक्स पूरे विश्व के ट्रूकॉलर के उपयोगकर्ताओं के बीच संपर्क स्थापित करने का एक सूत्र

बेंगलूरु, एजेंसी। दुनिया का एक प्रमुख विश्वस्तरीय दूरसंचार मंच, ट्रूकॉलर, दुनिया भर के लोगों से जुड़ने और संबद्ध होने के लिए ट्रूटॉक समुदाय की पेशकश की घोषणा करता है। यह समुदाय ट्रूकॉलर के उपयोगकर्ताओं को एक-दूसरे के साथ बात-चीत करने, फीडबैक प्रदान करने, नई सुविधाओं के लिए सुझाव डालने, नए से नए घोटालों के बारे में सूचित रहने, अपनी समस्याओं के लिए तुरंत सहयोग प्राप्त करने, ट्रूकॉलर के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने और अपने व्यक्तिगत अनुभवों के बारे में बताने के लिए एक प्लैटफॉर्म के रूप में भी कार्य करता है।

कोई भी व्यक्ति एक वैध ईमेल एड्रेस और प्रदर्शित किए जाने वाले नाम के साथ साइन अप करके इस समुदाय का सदस्य बन सकता है। ट्रूटॉक से जुड़ने के लिए यह आवश्यक नहीं किआप ट्रूकॉलर के उपयोगकर्ता हों, यद्यपि हमारे 383 मिलियन से अधिक ट्रूकॉलर उपयोगकर्ता ऐप के भीतर एक शॉर्टकट से तुरंत ट्रूटॉक तक पहुँच प्राप्त कर सकते हैं। अन्य बातों के अतिरिक्त, समुदाय से संबंधित विषय-सामग्री को इस ब्रांड की प्रस्तुतियों के बारे में जागरूकता फैलाने, अनचाहे दूर-संचार से स्वयं को बचाने के सबसे अच्छे तरीके के बारे में बात करने या आपको कई ट्रूकॉलर के अधिकारियों से सीधे जोड़ने के लिए भी डिज़ाइन किया गया है। इस समुदाय को तैयार और विकसित करने के लिए उत्तरदायी व्यक्ति के तौर पर, ट्रूकॉलर के कम्युनिटी मैनेजर, रोहित घालससी ने कहाः हम कुछ हज़ार सदस्यों के साथ ट्रूटॉक का परीक्षण करते रहे हैं और मैं बात-चीत के पहले से ही मौजूद स्तर को देख कर रोमांचित हूँ। हमारा उद्देश्य अपने उपयोगकर्ताओं के साथ अधिक प्रभावशाली ढंग से संबद्ध होने, अपने मौजूदा उत्पाद को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी एकत्रित करना, नए से नए घोटालों और टेक्नोलॉजी में होने वाले नए चलनों के बारे में जानकारी के आदान-प्रदान के लिए एक मंच स्थापित करना है। मैं ट्रूटॉक में शामिल होने और इसका अधिकतम लाभ उठाने के लिए सभी का स्वागत करता हूँ। ट्रूकॉलर एक बेहतरीन ग्राहक सहायता टीम की मदद से प्रतिदिन सभी प्रकार के माध्यमों में हज़ारों उपयोगकर्ताओं के प्रश्नों का उत्तर प्रदान करता है। अब इस सामुदायिक मंच के साथ दुनिया भर के उपयोगकर्ता हमारी टीमों और अन्य सदस्यों के साथ विचार-विमर्श, महत्वपूर्ण जानकारी, समस्याओं के साथ-साथ और भी बहुत कुछ साझा करने के लिए बातचीत कर सकते हैं। ट्रूटॉक इस समय केवल अंग्रेज़ी में उपलब्ध है, हालाँकि, हम जल्द ही और भी अधिक भाषाओं के लिए सहयोग को शामिल कर देंगे।

## गोदरेज लॉक्स को सात असाधारण उत्पादों के लिए इंडिया डिज़ाइन मार्क अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया

**मुंबई , एजेंसी।** गोदरेज लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल फिटिंग्स एंड सिस्टम्स, गोदरेज एंड बॉयस की एक व्यावसायिक इकाई, नवीन सुरक्षा समाधानों में एक अग्रणी नाम है। कंपनी को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि उसके सात उत्पादों को प्रतिष्ठित इंडिया डिज़ाइन मार्क अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि डिजाइन, कार्यक्षमता और नवाचार में उत्कृष्टता के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, गोदरेज लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल फिटिंग्स एंड सिस्टम्स के बिजनेस हेड, श्याम मोटवानी ने कहा, गोदरेज लॉक्स में, हम असाधारण डिजाइन की परिवर्तनकारी शक्ति (ट्रांसफॉर्मेटिव पावर) में दृढ़ता से विश्वास करते हैं। यह सिर्फ कलात्मकता के बारे में नहीं है; यह इस बारे में है कि डिज़ाइन कैसे लोगों के रोजमर्रा जीवन के अनुभवों को बढ़ाता है और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनके जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। नवाचार के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता हमारे हर काम में अंतर्निहित है, जो हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों की गहरी समझ से प्रेरित है। गोदरेज लॉक्स में हमारी अत्याधुनिक इनहाउस डिज़ाइन



लैब द्वारा डिज़ाइन पर मजबूती से ध्यान दिया जाता है। यह प्रयोगशाला रचनात्मकता और मौलिकता के केंद्र के रूप में कार्य करती है, कुशल डिजाइनरों के बीच ऐसे उत्पादों को तैयार करने के लिए सहयोग को बढ़ावा देती है, जो कलात्मक अपील के साथ कार्यक्षमता को सहजता से मिश्रित करते हैं। साल-दर-साल प्रतिष्ठित इंडिया डिज़ाइन मार्क अवार्ड जीतना उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति हमारे अटूट समर्पण का ही प्रमाण है। यह मान्यता हमें सीमाओं को और भी आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है, क्योंकि हम ऐसे उत्पाद बनाना जारी रखते हैं, जो अपेक्षाओं से परे हों और हमारे ग्राहकों के जीवन में सार्थक बदलाव लाने में सक्षम होते हैं। इंडिया डिज़ाइन मार्क अवार्ड गोदरेज लॉक्स की अपनी उत्पाद श्रृंखला में बेहतर डिज़ाइन और गुणवत्ता की निरंतर खोज का एक प्रमाण है। हमारे मान्यता प्राप्त उत्पादों में शामिल हैं- मुख्य दरवाज़ा लॉक सेंटूर, मोर्टिज़ हैंडल एनईएच 19 और एनईएच 20 और सुपर कॉर्नर सॉल्यूशन, सुपर स्विंग कॉर्नर, सुपर स्लाइड आउट पेंट्री और परफेक्ट ग्रेन स्टोरेज जैसी नवीन किचन फिटिंग्स। इनमें से प्रत्येक उत्पाद ऐसे समाधान प्रदान करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता का उदाहरण है, जो न केवल ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं, बल्कि उनसे भी बेहतर होते हैं। प्रयोज्यता, स्थायित्व और कलात्मकता पर ध्यान देने के साथ, कंपनी ने लगातार उद्योग में अपने स्तर को बढ़ाया है। आगे बढ़ते रहने के दृढ़ विश्वास के साथ, गोदरेज लॉक्स उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी कौशल में लगातार निवेश करता है। इंडिया डिज़ाइन मार्क अवार्ड अपने ग्राहकों के जीवन को समृद्ध बनाने वाले बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध करने के प्रति कंपनी के अटूट समर्पण का प्रमाण है।

## मैं कलर्स के साथ दोबारा सहयोग करके बेहद रोमांचित हूं : निया शर्मा

**मुंबई एजेंसी।** सभी को अपने प्रियजनों की रक्षा करने की चेतावनी देने के बाद, कलर्स ने अपने आगामी फैंटसी-थ्रिलर-रोमांस 'सुहागन चुड़ैल' का एक और प्रोमो रिलीज़ किया गया है, जो सच्चे प्यार और दूसरी दुनिया की ताकत के बीच आसन्न युद्ध का संकेत देता है। इस मंत्रमुग्ध करने वाली कहानी में, सोलह श्रृंगार एक दोधारी ताबीज़ बन जाता है - जब इसे एक दुष्ट चुड़ैल, निशिगंधा पहनती है तो यह एक खतरनाक हथियार के रूप में कार्य करता है, लेकिन दीया के पहनने पर यह एक सुरक्षात्मक पवित्र आकर्षण के रूप में काम करता है। हर महिला का प्रिय 'सोलह श्रृंगार' दोनों के बीच एक महायुद्ध को जन्म देगा। निशिगंधा के रूप में निया शर्मा, दीया की भूमिका में देबचंद्रिमा सिंघा रॉय, और मोक्ष के रूप में ज़ैन इबाद खान अभिनीत, यह आगामी शो एक चुडैल की प्यास के खिलाफ प्यार की ताकत को दिखाएगा। 'सुहागन चुड़ैल' की भूमिका निभाने के बारे में बात करते हुए, निया शर्मा ने कहा, मैं 'नागिन' के शानदार सफर के बाद फैंटसी थ्रिलर 'सुहागन चुड़ैल' के लिए कलर्स के साथ दोबारा सहयोग करके बेहद रोमांचित हूं। निशिगंधा की बहुस्तरीय भूमिका में कदम रखना रोमांचक चुनौती है, जो अल्टीमेट ताकत की खोज पर निकली है।

## सेलविन ट्रेडर्स लिमिटेड करेगी पटेल कंटेनर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में रणनीतिक निवेश

**अहमदाबाद, एजेंसी।** अहमदाबाद स्थित सेलविन ट्रेडर्स लिमिटेड के निदेशक मंडल ने पटेल कंटेनर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में रणनीतिक निवेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। कंपनी पटेल कंटेनर में 36 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी, जिसे अगले दो वर्षों में 51 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकता है। सेलविन ट्रेडर्स के निवेश का उपयोग गुजरात के भावनगर जिले में लॉजिस्टिक कंटेनरों के लिए एक नई विनिर्माण इकाई की स्थापना में सहायता के लिए किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पटेल कंटेनर ने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट, 2024 में गुजरात के भावनगर जिले में लॉजिस्टिक कंटेनरों की सुविधा स्थापित करने के लिए भावनगर में विनिर्माण सुविधा के लिए 45 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए एक समझौता किया था। इस परियोजना से 100 लोगों के लिए रोजगार पैदा होने का अनुमान है और वर्ष 2025 में परियोजना शुरू होने की उम्मीद है। इस इकाई के लिए भावनगर रणनीतिक लाभ प्रदान करता है, जिसमें प्रमुख बंदरगाहों और व्यापार मार्गों से निकटता शामिल है। वित्त वर्ष 2024 के दौरान, कंपनी ने अपने व्यवसाय संचालन में बदलाव किया एवं वित्त वर्ष 2023 में अर्जित 39.60 करोड़ रुपए के मुकाबले में 56 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 61.7 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है। सेलविन ट्रेडर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, श्री वेदांत पंचाल ने कहा कि पटेल कंटेनर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में रणनीतिक निवेश करने के लिए एमओयू 15 मई 2024 को किया गया था। यह उद्यम न केवल सेलविन ट्रेडर्स के पोर्टफोलियो में विविधता लाता है, बल्कि इसे लॉजिस्टिक एवं मेटल उद्योग में लाभप्रद उद्योग के रूप से उच्च स्थान पर रखता है। उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाकर और कुशल परिचालन सेटअप स्थापित करके, सेलविन ट्रेडर्स का प्रबंधन पटेल कंटेनर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में निवेश से फलदायी परिणामों की उम्मीद करता है। कंपनी ने दीर्घकालिक विकास रणनीति के अनुरूप अगले दो वर्षों में शाह मेटाकॉर्प लिमिटेड (बीएसई और एनएसई सूचीबद्ध कंपनी) में 200 मिलियन रुपए निवेश की योजना की भी घोषणा की है। कंपनी का निवेश मेटल उद्योग में आशाजनक अवसरों को हासिल करने का लक्ष्य है। निवेश का उपयोग शाह मेटाकॉर्प लिमिटेड की विस्तार पहलों का समर्थन करने, उत्पादन क्षमता बढ़ाने, अनुसंधान और विकास क्षमताओं को मजबूत करने और नए बाजार क्षेत्रों का पता लगाने के लिए किया जाएगा।





स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in